# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, बुधवार 18 जून 2025



13 बुमराह सटीक गेंदबाजी करने...





विचार पेज
06 अमेरिका संग व्यापार को ...


## मोहन कैबिनेट ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 का किया अनुमोदन, नई भर्तियां भी होंगी धड़ाधड़

## साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों के लिए बड़ी खुशखबर नया पदोन्नति नियम 2025 से प्रभावशील होगा

# मप्र में 9 साल से अटका पदोन्नति का रास्ता खुला, प्रमोशन से 2 लाख नए पद होंगे रिक्त

*सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के एम. नागराज, जरनैल सिंह एवं आरके सभरवाल प्रकरणों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नियम का प्रारूप तैयार किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

मप्र में नया पदोन्नति नियम (मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025) मंगलवार को कैबिनेट से मंजूर हो गया। यह नियम राज्य सेवा के किसी भी संवर्ग में लागू नहीं होगा। हालांकि, उनके लिए मार्गदर्शी सिद्धांत का आधार यही नियम होगा। विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में नंबर बढ़ाकर पदोन्नत करने का अधिकार पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। जिन शासकीय सेवकों का नियम विरूद्ध पदोन्नति हो चुकी है, उन्हें रिवर्ट करने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर ही रिवर्ट करने की प्रक्रिया होगी। मप्र में 9 साल बाद साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों की पदोन्नति का रास्ता आखिरकार साफ हो गया। नई भर्ती के दरवाजे भी अब खुल जाएंगे। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में इस नियम का अनुमोदन कर दिया गया। बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। मंत्रियों ने इस बहुप्रतीक्षित नियम के मंजूर होने पर स्वागत किया है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पदोन्नति के लिए सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट में दाखिल मामलों में एक नया रास्ता निकाला गया है। इसमें आरक्षित वर्गों का पूरा ध्यान ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कारण बताओ नोटिस के आधार पर बंद लिफाफे की कार्रवाई नहीं होगी

विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में नंबर बढ़ाकर पदोन्नत करने का अधिकार पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। जिन शासकीय सेवकों का नियम विरूद्ध पदोन्नति हो चुकी है, उन्हें रिवर्ट करने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी।



### नए नियम में अग्रिम डीपीसी का प्रावधान

नए नियम के अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिए 20% एवं अनुसूचित जाति के लिए 16% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। इसके साथ ही वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। अर्थात अग्रिम डीपीसी का प्रावधान किया गया है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए मेरिट कम सिनियॉरिटी का प्रावधान किया गया है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### पदोन्नति प्रक्रिया में सभी वर्ग के हितों का रखा गया ध्यानः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैबिनेट में मंजूर पदोन्नति नियम-2025 में मप्र के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति के लंबित मसले को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारी के 9 साल से लंबित पदोन्नति के मामले का निराकरण किया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित सभी वर्गों के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों का समुचित ध्यान रखा गया है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति होने के बाद शासकीय सेवाओं में 2 लाख पद रिक्त होंगे। इसके बाद इन रिक्त पदों पर भर्तियों की संभावना बनेगी।

### रिव्यू डीपीसी की बैठक का स्पष्ट प्रावधान

नए नियम में पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है। पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दंड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से दिया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के संदर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डीपीसी की बैठक आयोजित किए जाने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। नवीन पदोन्नति नियमों में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे। पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है।

### चतुर्थ श्रेणी के लिए अंक व्यवस्था नहीं होगी

चतुर्थ श्रेणी के लिए अंक व्यवस्था नहीं होगी। केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यदि वर्ष के एक भाग की सेवा की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यानी यदि किसी वर्ष में 6 महीने का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है, तो उसे पूर्ण वर्ष के लिए मान्य किया जा सकेगा। यदि गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी की पदोन्नति रुकती है, तो उसे पदोन्नति प्राप्त होने पर पूरी वरिष्ठता दी जाएगी। अप्रत्याशित रिक्तियों यानी किसी भी विशेष परिस्थिति में यदि पद रिक्त होते हैं, तो चयन सूची या प्रतीक्षा सूची से भरे जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है।

### प्रतिनियुक्ति के पद के विरूद्ध पदोन्नति का प्रावधान

नए नियम में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शासकीय सेवक (जो आगामी वर्ष अर्थात पदोन्नति वर्ष में उपलब्ध नहीं होंगे) के पद के विरुद्ध पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। गोपनीय प्रतिवेदनों में से यदि कोई गोपनीय प्रतिवेदन एनआरसी (नो रिपोर्ट सर्टिफिकेट), सक्षम स्तर से स्वीकृत अवकाश, पदग्रहण काल अथवा प्रशिक्षण के कारण है अथवा गोपनीय प्रतिवेदन में निर्धारित समय पर स्वमूल्यांकन के साक्ष्य है तो ऐसी स्थिति में गोपनीय प्रतिवेदन की अनुपलब्धता के आधार पर पदोन्नति नहीं रोकी जाएगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### आईसीसी वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना की बादशाहत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मंगलवार को बड़ा दिन रहा। आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने नंबर-1 पोजिशन हासिल की है। स्मृति के वनडे इंटरनेशनल करियर में ये दौर पहली बार आया है, जब से उन्होंने वनडे क्रिकेट खेलना शुरू किया है। साल 2019 से आखिर छह साल बाद स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में नंबर वन बैटर बन गई हैं। साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोलवार्ड को स्मृति ने 19 पॉइंट्स से पीछे छोड़ दिया है। मंधाना वनडे बैटिंग रैंकिंग में टॉप 10 लिस्ट में हाल ही में शामिल हुई थीं। लेकिन मंधाना को वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बनने के लिए छह साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। भारत, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच हाल ही में ट्राइ-सीरीज हुई। इस सीरीज के आखिरी मुकाबले में स्मृति मंधाना के बल्ले से शानदार शतक देखने को मिला।

*ये क्या हो रहा है? एयर इंडिया की एक के बाद एक सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द*

# अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द, दिल्ली से पेरिस गैटविक से अमृतसर की उड़ान भी बाधित हुई



एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं। कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी। एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द कर दी गई है। यह वही रूट है, जिस पर एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं।

रद्द हुई फ्लाइट के यात्रियों के लिए एयर लाइंस ने होटल में रुकने की व्यवस्था की

अलग-अलग तरह के कारण गिनाए, इनमें तकनीकी खराबी, जांच व विमान की अनुपलब्धता

कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी



अहमदाबाद एयरपोर्ट पर परेशान यात्री

### अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट में भी बाधा

*मंगलवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की उड़ान को परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया है। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए एआई-159 की उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तय समय से देरी से दोपहर तीन बजे रवाना होना था। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद से गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 159 को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त ऐहतियाती जांच है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों की ओर से विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।*

### बम की धमकी का आया था कॉल
## इंडिगो विमान की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग



**नागपुर।** कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में मंगलवार को बम की धमकी से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान की जांच की गई। मंगलवार सुबह ▶▶ शेष पेज 4 पर

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन भी प्रतिबंधित



### 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

एजेंसी ▶▶|श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सभी रास्तों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके साथ ही पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह के ड्रोन और गुब्बारों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इन मार्गों से किसी भी तरह विमानन प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया है।

जम्मू कश्मीर सरकार ने ये फैसला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सलाह के बाद जेके सरकार ने ये फैसला लिया है। प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस साल 2025 में श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है।

### सुरक्षा बलों के लिए लागू नहीं होंगे नियम

आदेश में ये भी कहा गया है कि इस प्रकार यूएवी, ड्रोन और गुब्बारे आदि सहित किसी भी प्रकार के उड़ने वाले हवाई गैजेट्स की उड़ान को 1 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि ये प्रतिबंध चिकित्सा निकासी, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी के मामलों में लागू नहीं होंगे। ऐसे अपवादों के लिए एक विस्तृत एसओपी बाद में जारी किया जाएगा। हर वर्ष होने वाली अमरनाथ तीर्थ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, जो 8 अगस्त तक चलेगी। इस यात्रा की सुरक्षा को घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा कवायदों में से एक माना जाता है। हर साल देश भर से लाखों तीर्थयात्री हिमालय स्थित गुफा मंदिर की यात्रा करते हैं। इस यात्रा के तहत पहलगाम और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों से होकर पहुंचा जा सकता है।

*भोपाल में अभी लगेगा कुछ और समय, बादल, आंधी- बारिश से प्रदेशभर में गिरा पारा, गर्मी से कुछ राहत*

प्रदेश में उत्तरी भागों के साथ छत्तीसगढ़ से लगे हिस्सों में भी हो रही प्रोग्रेस

# 10 जिलों में आगे बढ़ा मानसून, इंदौर, उज्जैन मंडला से लगे हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट

*अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच की सक्रियता जारी, सभी परिस्थितियां अनुकूल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

राजधानी सहित आधे प्रदेश में अभी जहां मानसून का इंतजार है, वहीं इसकी उत्तरी सीमा लगातार आगे बढ़ रही है। मंगलवार को मानसून ने प्रदेश के 10 और जिलों को कवर करते हुए इंदौर, बैतूल, धार, उज्जैन तक अपनी पहुंच बना ली है, वहीं बंगाल की खाड़ी की ओर से भी सिस्टम आगे बढ़ते हुए मंडला, सिवनी, बालाघाट से आगे बढ़ गया है।

आज झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, शहडोल, मंडला के साथ ही धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच जिलों में भारी से तेज बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल में बादल, बौछारों के बीच तेज हवाओं का दौर रहेगा। पूरी उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिन में भोपाल तक मानसून पहुंच सकता है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से ▶▶ शेष पेज 4 पर



आसमान में बादल, एमपी नगर, शाम 6:30 बजे

**कहां पहुंचा मानसून?**


### भोपाल में भी दो से तीन दिन में पहुंच जाएगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार को मानसून आगे बढ़ते हुए अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, हरदा, उत्तरी खंडवा, बैतूल, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में आगे बढ़ गया है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों ब्रांच सक्रिय हैं। इससे पूरी उम्मीद है कि यह अभी लगातार आगे बढ़ेगा। इसके लिए सभी परिस्थितियां ▶▶ शेष पेज 4 पर


### भोपाल सहित कई जिलों में गर्मी से राहत

*प्रदेश के अधिकांश जिलों में जारी बादल, बारिश और तेज हवाओं के असर से भोपाल सहित अधिकांश जिलों में पारा 2 से 5 डिग्री तक गिरा। रात में भी दो डिग्री तक कमी रही। भोपाल में अधिकतम तापमान 3.1 डिग्री गिरकर 34.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। नर्मदापुरम, पचमढ़ी, उज्जैन, जबलपुर, नरसिंहपुर, सीधी, और उमरिया में 3 से 4 डिग्री तक कमी आई। प्रदेश में औसतन दो डिग्री की कमी के साथ औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा।*





वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभरता
बस्तर
• धूड़मारास गांव को मिली वैश्विक पहचान
• ईको-टूरिज्म और होम-स्टे को प्रोत्साहन
• एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज का विकास
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- तेहरान खाली कर दें, अब कुछ बड़ा होने वाला है, जी-7 समिट से एक दिन पहले वॉशिंगटन लौटे, सिचुएशन रूम में बुलाई बैठक

# अगले 24 से 48 घंटे में ईरान का एटमी प्रोग्राम होगा 'तबाह'

ट्रंप ने कहा- इजराइल हमले नहीं रोकेगा, इजराइल ने 5 दिन में ईरान का दूसरा कमांडर शादमानी मारा अब तक 20 से ज्यादा सैन्य अफसर मारे गए

इजराइल-ईरान युद्ध तबाही के उस मोड़ पर जा पहुंचा है, जहां ईरान का मिटना तय है। ट्रंप का कहना है कि वैसे तो 2 दिन में इजराइल ईरान के परमाणु हथियारों का विनाश कर देगा यदि, ऐसा न हो पाया तो फिर अमेरिका को भी कोई बड़ा कदम उठाना पड़ेगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान की बीच जारी संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। इजराइल लगातार के ईरान की सेना के शीर्ष नेताओं को निशाना बना रहा है। मंगलवार को इजराइल ने ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराया है। 5 दिन में दूसरा कमांडर मारा गया है। इस संघर्ष में ईरान ने न सिर्फ अपने देश के शीर्ष सैन्य कमांडरों को खोया है बल्कि कई परमाणु संयत्रों और अहम सैन्य ठिकाने भी ध्वस्त हो गए हैं। इजराइल के लगातार हमलों के चलते ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई अकेले पड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि वे बंकर में परिवार सहित छिपे हुए हैं। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि खामनेई की मौत से यह युद्ध खत्म होगा।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि ईरान एटम बम नहीं रख सकता है। अब कुछ बड़ा होने वाला है। अगले 48 घंटे में हम कुछ बड़ा करेंगे। उन्होंने तेहरान के लोगों से कह दिया है कि वे राजधानी छोड़ दें। तेहरान की सड़कों पर कारों का लंबा जाम लग गया है। लोग शहर ▶▶ शेष पेज 4 पर

तेहरान की सड़कों पर कारें ही कारें, लोग देश छोड़ रहे पर रास्ता नहीं मिल रहा, नेतन्याहू ने कहा- खामनेई की मौत से यह युद्ध खत्म होगा

ईरान के कई सैन्य प्रमुख देश छोड़कर भागे खामनेई के किसी बंकर में छिपे होने की जानकारी



### क्या हो सकता है अगले 48 घंटे में

1 अमेरिका युद्ध में कूद सकता है। वह ईरान के एटमी प्रोग्राम को ध्वस्त करने अपने स्टील्थ विमानों का इस्तेमाल कर सकता है

2 उधर, इजराइल ने कह दिया है कि वह तेहरान के लोगों के साथ, माना जा रहा है कि वह खामनेई का तख्ता-पलट कर देगा।

### युद्ध का भारत पर क्या असर?

**पेट्रोल -डीजल महंगा नहीं होगा**

भारत पर इस युद्ध को कोई असर नहीं होगा। भारत करीब 40 देशों से कच्चे तेल की खरीद करता है। वह डिमांड से ज्यादा सप्लाई कर सकने की स्थिति में है।

**भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

ईरान में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सभी भारतीय नागरिक, जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और कॉन्टैक्ट नंबर दें। कृपया +989010144557, +989128109115, +989128109109 पर संपर्क करें।

### ट्रंप की ईरान को चेतावनी: खामनेई कहां छिपे हैं पता है



ट्रंप ने ईरान को बिना किसी शर्त के सरेंडर करने को कहा है। ट्रंप ने ये भी कह दिया है कि उन्हें पता है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई कहां छिपे हुए हैं। वह एक आसान टारगेट हैं, लेकिन वहां सुरक्षित हैं। हम उन्हें खत्म नहीं करने जा रहे हैं। कम से कम अभी के लिए तो नहीं। लेकिन हम नहीं चाहते कि मिसाइलें नागरिकों या अमेरिकी सैनिकों पर दागी जाएं। हमारा धैर्य खत्म हो रहा है। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

### दूतावास ने भारतीय छात्रों को तेहरान से निकाला, सभी छात्र आर्मेनिया की सीमा पर पहुंचे

भारतीय दूतावास, तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को शहर से बाहर निकाल चुका है। 110 छात्रों का पहला जत्था आर्मेनिया पहुंचा। बुधवार को ये छात्र विमान से दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आर्मेनिया के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री से भी संपर्क साधा और टेलीफोन पर बातचीत की। कुछ भारतीयों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में मदद की गई है। जिनके पास खुद का ट्रांसपोर्ट है, उन्हें शहर से बाहर जाने की सलाह दी गई है। दूतावास हरसंभव सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अपने लोगों के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। लोगों को दूतावास से संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है।

**ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति को लताड़ा और कहा**

### मैं कहीं ज्यादा बड़े और जरूरी काम के लिए वॉशिंगटन लौटा



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम कराने की पेशकश की है। मैक्रों के दावों को खारिज करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें किसी और कारण से जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ना पड़ा। इसका युद्धविराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा बड़ी बात है। उन्होंने इस पर अधिक स्पष्टीकरण दिए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### राजगढ़ में बस पलटी 26 घायल-10 गंभीर



**राजगढ़।** यहां मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे धतुरिया गांव के पास कवलसी खेड़ा जोड़ पर एक बस स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 26 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को जीरापुर अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 10 की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

### गो तस्करी के आरोप में मारपीट, एक की मौत



**रायसेन।** गत पांच जून को थाना सांची के तहत ग्राम मेहगांव के पास दो युवकों के साथ कुछ लोगों ने गो तस्करी के आरोप लगाते हुए मारपीट की थी। दोनों युवक वाहन में गौवंश भरकर ले जा रहे थे। हिंदूवादी संगठनों के लोगों की मारपीट में घायल एक युवक जुनेद खान (23) निवासी सिरोंज जिला विदिशा की सोमवार को भोपाल के हमीदिया अस्पताल में 12 दिनों के इलाज के दौरान मौत हो गई।

एक्स पोस्ट में बोले- पीएम, विभिन्न नेताओं से होगी मुलाकात

# जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल-ईरान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे। बीते एक दशक में यह उनकी पहली कनाडा की यात्रा है। पीएम ने एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि कनानसकीस में आयोजित किए जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा (कैलगरी) पहुंचा हूं। सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (ऊर्जा सुरक्षा, तकनीक और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं) पर अपने विचार साझा करूंगा। साथ ही वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। प्रधानमंत्री को इस महत्वपूर्ण वैश्विक ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकता पर रहेगा जोर

### जी-7 सम्मेलन से इतर होंगी द्विपक्षीय बैठकें

कनाडा में प्रधानमंत्री का प्रवास 16 से 17 जून तक रहेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी यह लगातार छठी भागीदारी है। वह समूह की बैठक में कई अहम चर्चाओं में शामिल होंगे। जिसमें ऊर्जा सुरक्षा का भविष्य, विविधता, तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और बदलती हुई दुनिया में पहुंच और किफायत को बरकरार रखने जैसे विषय शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि प्रधानमंत्री की जी-7 से इतर कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ भी उनकी बैठकें हो सकती हैं।

### कनाडा में बड़ी तादाद में रहते भारतीय

कनाडा एक ऐसा देश है, जहां भारतीय बड़ी तादाद में रहते हैं। उनकी संख्या कनाडा की कुल आबादी का 4.5 फीसदी है। आंकड़ों में 1.8 मिलियन कनाडाई भारतीय मूल के लोग हैं। जिसमें सिखों की संख्या लगभग 7 लाख 70 हजार और 1 मिलियन एनआरआई होंगे। छात्र, कुशल कामगार, अस्थायी कामगार भी इसमें शामिल हैं। वर्ष 2022 के आंकड़ों के हिसाब से कनाडा में 41 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं।

### जी-7 की 50वीं वर्षगांठ

कनाडा ने जी-7 की अध्यक्षता इस साल 1 जनवरी को संभाली थी। जो कि समूह की 50वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करता है। भारत को बीते कुछ वर्षों से लगातार जी-7 के आउटरीच सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। वर्ष 2003 से 2024 तक भारत ने समूह के कुल 11 आउटरीच सम्मेलनों में भाग लिया है।

अतुलनीय मध्यप्रदेश बना पर्यटकों की पहली पसंद

# पर्यटन का 2024 में नया रिकॉर्ड मप्र पहुंचे 13.41 करोड़ सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**बड़ी खबर**

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश भारत का एक समृद्ध और विविधतापूर्ण राज्य है। यहां की विशेषता इसकी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरें, प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संपदा में निहित है। यही कारण है कि अतुलनीय मध्य प्रदेश पर्यटकों की ▶▶ शेष पेज 4 पर

यह उपलब्धि 2023 की तुलना में 19.6%, 2019 से लगभग 50.6% और 2020 की तुलना में 526% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है



ग्रीन, क्लीन और सेफ मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, घड़ियाल स्टेट, चीता स्टेट और वल्चर स्टेट के रूप में जाना जाता है

### धार्मिक स्थलों पर 10.7 करोड़ पर्यटक आए

धार्मिक स्थलों ने 2024 में 10.7 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित किया, जो वर्ष 2023 की तुलना में 21.9% अधिक है। प्रदेश के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों में से 6 धार्मिक स्थल शामिल हैं। उज्जैन 7.32 करोड़ पर्यटकों के साथ इस सूची में सबसे आगे रहा, जो वर्ष 2023 के 5.28 करोड़ की तुलना में 39% अधिक है। चित्रकूट में भी 1 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जो वर्ष 2023 के 90 लाख की तुलना में 33% अधिक है। मैहर में 1.33 करोड़, अमरकंटक में 40 लाख, सलकनपुर में 26 लाख और ओंकारेश्वर में 24 लाख पर्यटक पहुंचे। महाकाल लोक, ओंकारेश्वर महालोक, श्रीराम ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

भगवान चित्रगुप्त-यमराज को लेकर दिया था विवादित बयान

# कायस्थ समाज में आक्रोश के बाद पं. मिश्रा ने 'मांगी' माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान चित्रगुप्त और यमराज को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उनके बयानों से कायस्थ समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। चित्रगुप्त पीठ पीठाधीवर ने माफी मांगने की मांग की थी। कायस्थ समाज के लोगों ने पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देने के साथ ही 10 दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी की बात कही थी। इस चेतावनी के बाद मंगलवार को सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम पर पंडित मिश्रा द्वारा पत्रकार वार्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ कहा- किसी के हृदय को ठेस पहुंची हो तो क्षमा

मां-पिता के सामने बेटी की हत्या

# 11वीं कक्षा की छात्रा के सिर में उतार दी 3 गोलियां, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



यहां दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक 11वीं कक्षा की छात्रा को उसके ही पिता के सामने चार बदमाशों ने मौत के घाट उतार दिया, उसके सिर में एक नहीं बल्कि तीन तीन गोलियां दाग दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए और अब पुलिस उन्हें ढूंढती फिर रही है। वारदात सोमवार रात करीब 9 बजे मुरैना के बागचीनी थाना क्षेत्र के बदरपुरा गांव के पास हुई है। 19 साल की छात्रा मलिश्का अपने माता-पिता के साथ मां के मामा के यहां गई हुई ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ चार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, जमीन विवाद बना कारण

23 से 25 जून तक प्रदेश भर में चलेगा जनजागरण अभियान

# आंबेडकर मूर्ति लगाने को लेकर 25 को ग्वालियर में कांग्रेस का सामूहिक उपवास

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने चरणबद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायक फूल सिंह बरैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर आंदोलन की घोषणा की। इसमें बताया गया कि कांग्रेस प्रदेश भर में 23 से 25 जून तक जनजागरण अभियान चलाएगी और 25 जून को ग्वालियर में सामूहिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पटवारी ने भाजपा पर लगाया संघ का एजेंडा चलाने का आरोप

### कांग्रेस को तो माफी अभियान चलाना चाहिए




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं पूछना चाहता हूं आपने किस आधार पर भाजपा और आरएसएस का नाम लिया? उन्होंने कहा कि हमने सुना है 23 जून से कांग्रेसी तीन दिन तक जनजागरण अभियान चलाएंगे। इसकी बजाए इन्हें बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस द्वारा किए गए ▶▶ शेष पेज 4 पर

राजा हत्याकांड का क्राइम सीन रीक्रिएट करवाने पहुंची मेघालय पुलिस




# सोनम फिर बोली- मार दो इसे... लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी

एजेंसी ▶▶ शिलांग



मेघालय के सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड में मंगलवार को शिलांग पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची। फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद रही। सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया।

ये वहीं जगह है जहां राजा का मर्डर कर राजा को गहरी खाई में फेंक दिया गया था। पुलिस ने क्राइम सीन वाली जगह को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जांच सिर्फ प्रेम त्रिकोण तक सीमित नहीं: मेघालय डीजीपी

***पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची***

***सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया***



### सोनम का परिवार भी जांच के दायरे में

मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंगरांग ने कहा कि सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहे जांच ▶▶ शेष पेज 4 पर

राजा के भाई ने मेघालय पुलिस से कर दी बड़ी मांग

### सोनम रघुवंशी का एनकाउंटर कर दो

मेघालय पुलिस की जांच से राजा रघुवंशी के दोनो भाई संतुष्ट दिखे। बड़े भाई विपिन और सचिन ने कहा कि अगर उनका सोनम रघुवंशी से सामना हुआ तो वो पूछेंगे कि तुमने सोनम तो मारा क्यों? सचिन रघुवंशी ने तो सोनम के लिए आजीवन कारावास की मांग की है। वहीं विपिन ने साथ ही सोनम रघुवंशी के एनकाउंटर करने की मांग कर डाली। राजा के भाई विपिन ने मेघालय पुलिस से सीधी मांग करते हुए कहा कि ये लोग अभी जेल जाएंगे,फिर पेरोल पर छोड़ेंगे,इससे अच्छा एनकाउंटर करो,खत्म करो सीधा।

# मुख्यमंत्री ने नौ साल से बनी समस्याओं का 21 दिन में ही कर दिया समाधान

## नौ साल बाद पदोन्नति शुरू होने से कर्मचारी संगठनों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहन सरकार द्वारा नौ सालों से रूकी पदोन्नति प्रक्रिया को पूरी शुरू करने के लिए निर्णय से प्रदेश भर के कर्मचारियों और अधिकारियों में खुशी की लहर है। कर्मचारी संगठनों ने पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

मंत्रालय सचिवालय शीघ्र लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नौ साल से रूकी पदोन्नति की समस्या का 21 दिन में ही समाधान कर दिया। मुख्यमंत्री ने 27 मई को मंत्रालय में आयोजित सम्मान समारोह में पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की थी।

हरिभूमि चर्चा

### पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय कर्मचारी हित में: पांडे



मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि सरकार ने नौ साल बाद प्रदेश के साढे सात लाख अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति प्रक्रिया का लाभ देने का निर्णय लेकर कर्मचारियों के हित में फैसला लिया है। सरकार के फैसले के बाद कर्मचारियों एवं अधिकारियों को यह नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा और समय पर पदोन्नति का लाभ अधिकारी-कर्मचारियों को वरिष्ठ के अनुसार मिलेगा।

### मंत्रालय के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा: वर्मा



मंत्रालय सचिवालय शीघ्र लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय पर मुख्यमंत्री की मजबूत इच्छाशक्ति का आभार मानते हुए कहा कि नौ साल रूकी पदोन्नति की समस्या का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान कर दिया। वर्मा ने कहा कि सीएम द्वारा मंत्रालय में आयोजित सम्मान समारोह में पदोन्नति पर शीघ्र निर्णय की घोषणा की गई थी, जो 21 दिन में ही पूरी हो गई।

### पदोन्नति में आरक्षण संबंधी फैसले का स्वागत: श्रवण



*मुख्यमंत्री ने अजाक्स संघ की मांग अनुरूप पदोन्नति प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। मप्र अजाक्स के प्रांतीय प्रवक्ता विजय शंकर श्रवण ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग अभिनंदन करता है। इस ऐतिहासिक निर्णय से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सामान्य श्रेणी के लोगों को भी पदोन्नतियां प्राप्त होगी। इस निर्णय से अनुसूचित जाति जनजाति के बैकलॉग सहित पदोन्नति में आरक्षण जैसे मूलभूत हितों का संरक्षण होगा।*

### पदोन्नति से नव रोजगार सृजन की ओर, सरकार का सर्वजन हितैषी निर्णय: अग्रवाल



*भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि कैबिनेट बैठक में भाजपा की डॉ. मोहन यादव की सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कर्मचारियों और अधिकारियों की 9 वर्षों से लंबित पदोन्नतियों का निराकरण कर दिया है। यह निर्णय अनुसूचित जाति, जनजाति सहित सभी वर्गों के कर्मचारियों-अधिकारियों के हितों का ध्यान रखते हुए लिया गया है। इस फैसले से जहां एक ओर शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को न्याय और प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर पदोन्नति के बाद लगभग 2 लाख रिक्त पदों की संभावनाएं बनेंगी। इससे युवाओं और योग्य अभ्यर्थियों को नवीन भर्ती से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह कदम प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों की दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार सृजन और सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। भाजपा की डॉ. मोहन यादव सरकार का यह निर्णय समावेशी विकास और सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस दूरदर्शी निर्णय के लिए हृदय से साधुवाद।*

### संविदा कर्मचारियों के लिए भी निकाले पदोन्नति का रास्ता: रमेश राठौर



नौ साल से रूकी पदोन्नति प्रक्रिया का शुरू करने का निर्णय स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस निर्णय से कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ वरिष्ठता के साथ मिलेगा। मप्र संविदा कर्मचारी-अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत कर कर्मचारियों को बधाई दी। राठौर ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति का निर्ण्य अच्छा कदम है, लेकिन सरकार वषों से एक ही पद पर कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को भी पदोन्नति का रास्ता निकाले और उनका भी उच्च पद प्रभार और प्रमोशन नियमित कर्मचारियों की तरह करे।



## पीडब्ल्यूडी में एक दिवसीय मेंटल हेल्थ वेलनेस सेमिनार का आयोजन

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण भवन स्थित मुख्यालय में तृतीय तल स्थित सभागृह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय मेंटल हेल्थ वेलनेस सेमिनार का आयोजन प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्थान की देखरेख में हुआ। इस सेमिनार में मेंटल हेल्थ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता लोनिवि भोपाल परिक्षेत्र संजय मस्के की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। जिसमें भोपाल परिक्षेत्र के तहत भोपाल स्थित मण्डलों एवं संभागों से समस्त अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेमिनार का लाभ उठाया। मुख्य अभियंता मस्के ने कहा कि मेंटल हेल्थ के लिए इस तरह का आयोजन हमेशा होना चाहिए। इसका लाभ सेमिनार में भाग लेने वाले व्यक्तियों को होता है। उक्त आयोजन को बहुद ही सुखद बताया गया। इसके लिए सभी उपस्थित लोगों ने मुख्य अभियंता मस्के के प्रयासों को मानसिक एवं आत्मीय शांति प्राप्त करने के लिए उपयोगी बताया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

*अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भोपाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम*

# सीएम ने कहा...योग मिटाए रोग, इसलिए रोज करें योग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योग शरीर का रोग मिटाकर इसे विकार मुक्त करता है। स्वस्थ काया के लिए सबको रोज योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पुरातन योग पद्धति को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है और इसीलिए सिर्फ भारत में नहीं, वरन पूरे विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

इस दिन भोपाल में भी राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किय जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**खास बात**

- सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा



### 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' होगी थीम

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 से 6.20 बजे तक कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा।

### बारिश को ध्यान में रखकर करें स्थान का चयन: सीएम डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनोयोग से मनाया जाए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन वर्षा की आशंका को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थल का चयन करने के निर्देश दिए, जो ऊपर से कवर्ड (शेडयुक्त) हो और उसमें अधिकतम प्रतिभागी भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नहीं, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। योगाभ्यास स्थल पर पानी का जमाव न होने पाए, कार्यक्रम स्थल तक सहज पहुंच और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम यथासंभव स्कूल, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज या ऐसी अन्य शिक्षण संस्थाओं के कवर्ड कैम्पस में आयोजित किए जाएं।

### प्रदेश भर में होंगे योगाभ्यास के कार्यक्रम

प्रमुख सचिव आयुष आहूजा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम मंत्रीगण, प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायक के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालयों में किए जाएंगे। सभी शासकीय कर्मचारियों की योगाभ्यास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शासकीय विभागों की अधीनस्थ संस्थाओं में तथा विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाना प्रस्तावित हैं। ग्राम स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम का दूरदर्शन द्वारा ग्रामों तक सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का वितरण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों की ग्राम जल और स्वच्छता समितियों द्वारा भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास के अधीन प्रदेश के आंगनबाड़ियों में तथा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे।

## भोपाल मेट्रो के लोकार्पण के लिए पीएम मोदी से किया जाएगा अनुरोध

*19 जून से 6 जुलाई तक होगा मूंग और उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन*

# भोपाल मेट्रो के प्रथम चरण का लोकार्पण सितंबर में

*'लुधियाना में 7 जुलाई को होगा एमएसएमई पर राष्ट्रीय इंटरएक्टिव सेशन'*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के 36 मूंग उत्पादक जिलों में 8,682 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूंग और 13 उड़द उत्पादक जिलों में 7,400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उड़द उपार्जित की जाएगी। किसान 19 जून से 6 जुलाई तक पंजीयन करा सकेंगे, इसके बाद 7 जुलाई से 6 अगस्त तक उपार्जन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित हैं। इस क्रम में गंगा दशमी के अवसर पर उज्जैन में वैलनेस पर केंद्रित वृहद आयोजन संपन्न हुआ। इसी क्रम में 27 जून को एमएसएमई-डे पर रतलाम में क्षेत्रीय उद्योगों और रोजगार पर समिट आयोजित की जा रही है। लुधियाना में 7 जुलाई को एमएसएमई पर राष्ट्रीय इंटरएक्टिव सेशन भी होगा।



### पर्यटन में एक वर्ष में 19.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन में एक वर्ष में 19.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख पर्यटक मप्र आए। यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 19.6 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024 में एक लाख 67 हजार विदेशी पर्यटक मप्र आए। पर्यटन के क्षेत्र में मप्र तेजी से बढ़ता राज्य है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को उनके विभागों में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करने तथा उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव साझा करने के निर्देश भी दिए।*

### नगरीय निकायों, वार्डों, पंचायतों में योग दिवस पर होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल मेट्रो के प्रथम चरण का लोकार्पण माह सितम्बर में करने की समय-सीमा तय है। भोपाल मेट्रो के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपए राशि का अतिरिक्त रूप से भुगतान किया जाएगा। इस वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में योग संगम के तहत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अधिक से अधिक नगरीय निकायों, वार्डों, पंचायतों में योग पर कार्यक्रम आयोजित कर देश में रिकार्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाए।

## आपसी समन्वय से जनता के हित में करें काम: सीएम



# मप्र राज्य नीति आयोग ने चार एनजीओ के साथ किए एमओयू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र राज्य नीति आयोग प्रदेश में संचालित सभी जनहितैषी योजनाओं के लोकव्यापीकरण के जरिए मानवीय और सामाजिक विकास के सभी मानकों में सुधार और बढ़ोतरी के लिए ऐसे एनजीओ के साथ मिलकर काम करें, जिन्हें विषयगत विशेषज्ञता हासिल हो। उन्होंने कहा कि फील्ड में रह कर काम करने वाले एनजीओ से मिले सुझावों पर भी गंभीरता से अमल का प्रयास किया जाए। नीति आयोग, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन आपसी समन्वय और सामंजस्य से जनता के हित में काम करें।

डॉ. यादव की उपस्थिति में मंगलवार को मंत्रालय में राज्य नीति आयोग और चार प्रतिष्ठित गैर शासकीय संगठनों अंतरा फाउंडेशन, प्रदान, पीएचआईए फाउंडेशन और यूएन विमेन के मध्य समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। इन एमओयू से प्रदेश के सुनियोजित, समावेशी, सकल और सतत विकास को बल मिलेगा।

**प्रदेश के समावेशी और सतत विकास को मिलेगा बल**

### बदल रहा है प्रदेश का सामाजिक परिदृश्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का सामाजिक परिदृश्य बदल रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर सभी अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सामाजिक विकास के सभी मानकों में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी और सबको विकास का लाभ देने के लिए सरकार गैर शासकीय संगठनों के अनुभवों का भी लाभ उठाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य नीति आयोग राज्य के सतत विकास लक्ष्यों के अनुश्रवण और मध्यप्रदेश के दृष्टि पत्र-2047 की तैयारी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इन साझेदारियों के माध्यम से राज्य में नीति नवाचार, डेटा आधारित सुशासन तथा बहु-क्षेत्रीय विकास को और अधिक सशक्तता व्यापकता के साथ अमल में लाया जाएगा।*

### एमओयू से इन क्षेत्रों में मिलेगा प्रदेश को लाभ

*नीति आयोग द्वारा जिन चार गैर शासकीय संगठनों के साथ एमओयू किया गया, उनमें अंतरा फाउंडेशन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण सुधार पर कार्य में सरकार की मदद करेगा। प्रदान संगठन ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहयोग करेगा।*

## ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने के लिए होंगे 4 एमओयू

# ग्रामीण रंग, पर्यटन संग उत्सव आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्रामीण पर्यटन से स्वरोजगार व आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित करने के लिए 18 जून को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में ग्रामीण रंग, पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

उत्सव में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी उपस्थित रहेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदेश की रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन वेबसाइट की ई-लॉन्चिंग भी मुख्यमंत्री करेंगे।

सर्वश्रेष्ठ 6 होम स्टे (3 ग्रामीण, 3 नगरीय), विकास में ग्रामीण पर्यटन के उत्कृष्ट योगदान देने वाले 16 पर्यटन ग्रामों के सरपंचों, 8 परियोजना सहयोगी संस्थाओं और 10 जिला कलेक्टर्स को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# संगठन सृजन अभियान की बैठक में भिड़े कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान चल रहा है। इसी सिलसिले में भोपाल की एआईसीसी आब्जर्वर यशोमति ठाकुर ने एमपी नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की। इसी दौरान विधायक आरिफ मसूद गुट और कांग्रेस नेता साजिद अली गुट के समर्थक आपस में भिड़ गए।

दोनों गुटों के बीच जमकर लात और घूंसें चले। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, पूरा विवाद मीटिंग में शामिल होने के लेकर हुआ। विधायक मसूद और कांग्रेस नेता साजिद अली के समर्थकों ने एक-दूसरे की उपस्थिति पर आपत्ति ली। जिसको लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दो से तीन कार्यकर्ताओं को मामूली चोट भी आई है।

*विधायक मसूद और कांग्रेस नेता साजिद अली के समर्थकों में हुई मारपीट*

### वीडियो हुआ वायरल

घटना के दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। दोनों गुट के लोग एमपी नगर थाने भी पहुंच और पुलिस को शिकायती आवेदन दिया। कांग्रेस नेता साजिद अली का कहना है कि उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष की दावेदारी की है। वहीं आब्जर्वर की बैठक में उन्हें बुलाया गया था। विधायक आरिफ मसूद ने उनकी उपस्थित पर आपत्ति ली और पूछा कि इस प्रोग्राम में कैसे आए। इसी बात को लेकर विवाद हुआ।

### कांग्रेस की बैठक या कुश्ती प्रतियोगिता: अग्रवाल

राजधानी के एमपी नगर में आयोजित कांग्रेस की सृजन अभियान की बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आपस में भिड़ने के मामले में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि भोपाल में कांग्रेस का संगठन सृजन अब संघर्ष सृजन बन गया है। जिला कांग्रेस की बैठक में आरिफ मसूद और साजिद अली के समर्थकों के बीच बहस नहीं, सीधे मारपीट हुई। आरोप लगा कि साजिद अली ने चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। जवाब मिला, बैठक में देशभक्तों की जरूरत नहीं। फिर बहस, धक्का-मुक्की और कुर्सियां चलने लगीं। अब समझ आया कि कांग्रेस में मन की बात नहीं, मुक्कों की बात होती है। अगली बैठक में डॉक्टर आएंगे या पुलिस? इंतजार कीजिए।

## 459 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, संचालन के लिए 143 करोड़ 46 लाख रुपए की स्वीकृति


*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट का निर्णय*

# मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5163 करोड़ रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत विशेष जनजाति क्षेत्रों में पीएम जनमन कार्यक्रम के लिए 459 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार 459 आंगनबाडी केन्द्रों के संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 459 पद (मानसेवी), आंगनबाड़ी सहायिका के 459 पद (मानसेवी) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षक के 26 पद (नियमित शासकीय सेवक पद वेतनमान 25,300-80,500) के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पोषण योजना 2.0 में वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक योजना पर राशि का व्यय भारत सरकार की ओर से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार किया जाएगा। योजना पर 143 करोड़ 46 लाख रुपए का व्यय अनुमानित है। इसमें केन्द्रांश राशि 72 करोड़ 78 लाख रुपए और राज्यांश राशि 70 करोड़ 68 लाख होगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने नव गठित जिलों पांढुर्णा, मैहर और मउगंज में जिला कोषालय की स्थापना का अनुमोदन किया।



### योजना के लिए 20 प्रतिशत अंशपूंजी राज्य शासन देगा

कैबिनेट ने प्रदेश की विद्युत पारेषण कंपनी की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 के लिए प्रचलित, निर्माणाधीन पूंजीगत योजनाओं और अनुमानित लागत राशि 5 हजार 163 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया है। निर्णय अनुसार मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए योजना लागत राशि 5 हजार 163 करोड़ रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया। योजना के लिए 20 प्रतिशत अंशपूंजी राज्य शासन के द्वारा तथा शेष 80 प्रतिशत ऋण वित्तीय संस्थाओं, बैंकों से प्राप्त किया जाएगा।

### इस राशि से यह कार्य होंगे

*इस योजना के तहत आगामी वर्षों में अति उच्चदाब पारेषण परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यथा केंद्रीय पारेषण इकाई से स्वीकृत पारेषण प्रणाली सुदृढीकरण के लिए आवश्यक निर्माण और उन्नयन कार्य के लिए 1 हजार 154 करोड़ रुपए, सिंहस्थ-2028 के लिए आवश्यक कार्य के लिए 185 करोड़ रुपए, प्रदेश में नवीन अति उच्चदाब उपकेन्द्रों का निर्माण के लिए 1 हजार 15 करोड़ रुपए, मुरैना संभागीय मुख्यालय और ग्वालियर शहर के उत्तरी भाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए नवीन अति उच्चदाब लाइनों के निर्माण के लिए 54 करोड़, उच्चदाब ट्रांसफार्मरों की क्षमता संवर्धन, वृद्धि के लिए 1280 करोड़,आरडीएसएस योजना के तहत वितरण कंपनियों के लिए 184 नग नवीन 33 केवी बे निर्माण के लिए 81 करोड़ रुपए, डीपी, एफपी लाइन लाइन को डीसीडीएस आदि कार्यों के के लिए 662 करोड़ स्वीकृत किए हैं।*

## बीसीसीएलएल डिपो में कर्मचारियों का हंगामा, शाम को कंपनी के अधिकारियों और हड़ताली कर्मचारियों के बीच बैठक के बाद सहमति

# लो-फ्लोर बसें नहीं चलने से 20 हजार यात्री भटके, ई-रिक्शा-ऑटो वालों ने वसूला ज्यादा किराया

**95 में से 50 बस चालकों ने की हड़ताल कर्मचारियों की हड़ताल का रहा तीसरा दिन**

**326 बसों में से सिर्फ 45 कंडम बसें चल रहीं, शहरवासी हो रहे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के 12 रूट पर रोजाना करीब एक लाख यात्रियों को लाने ले जाने वाली लो-फ्लोर बसों का अंतिम समय चल रहा है। हालात यह हैं कि बीसीसीएलएल कंपनी की 326 बसों में से वर्तमान में 95 बसें ही चल रहीं थीं, जिनमें से 50 बसों के ड्राइवर और कंडक्टर्स ने हड़ताल कर दी।

हड़ताल के तीसरे दिन भी यात्रियों को आगवागमन के लिए परेशान होना पड़ा। लोग टैक्सी और ऑटो में ज्यादा पैसे देकर अपनी जगहों पर पहुंचे। मंगलवार को हड़ताली ड्राइवर और कंडक्टर्स ने बीसीसीएलएल डिपो में हंगामा किया। शाम को कंपनी के अधिकारियों और हड़ताली कर्मचारियों के बीच बैठक के बाद सहमति बन गई। बुधवार से बसें फिर से शुरू हो सकती हैं। मालूम हो कि बीते एक साल में यह चौथा मौका है जब लो फ्लोर बसें बंद हो गई।

हरिभूमि कनेक्ट



### कोकता बायपास से रातीबड़ वाले रूट्स पर नहीं चलीं लो-फ्लोर बसें

बसें बंद होने से चिरायु अस्पताल से कटारा हिल्स और कोकता बायपास से रातीबड़ वाले रूट्स पर गाड़ियां नहीं चलीं। यहां रोजाना 20 हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। इधर, बीसीएलएल के मैनेजर एडमिन रोहित यादव का कहना है कि बस ऑपरेटर से बीसीएलएल की बातचीत जारी है। जल्द ही हम बसों का संचालन शुरू करवा देंगे।



### कर्मचारियों को नहीं मिला तीन साल का पीएफ

सोमवार सुबह करीब 7 बजे इन्क्यूबेट सॉफ्ट कंपनी के ड्राइवर-कंडक्टर एम्प्री परिसर के पास बने डिपो पर पहुंचे, जहां उन्होंने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी। कंडक्टर यूनियन अध्यक्ष सत्यम शर्मा का कहना है कि कंपनी ने 3 साल से पीएफ नहीं दिया है और 5 महीने से वेतन भी बाकी है।



### ऑटो चालक ने 150 रुपए ले लिए



बस हड़ताल के कारण कटारा हिल्स क्षेत्र में जाने वाली लो-फ्लोर बस नहीं चली। घंटों तक ऑटो वाले का इंतजार किया। ऑटो वाले 200 रुपए तक किराया मांग रहे थे। कई ऑटो वालों से बात की। इसके बाद 150 रुपए में ऑटो वाले ने कटारा हिल्स छोड़ा।

**रूपेश चौरसिया, युवा**

### कई किमी तक पैदल चलना पड़ा



मैं लाहरपुरा क्षेत्र में रहता हूं। एमपी नगर में काम करता हूं। लो-फ्लोर बसों की हड़ताल के कारण कई किमी तक पैदल चलकर बागसेवनिया थाने तक पहुंचा। यहां से फीडर बस से एमपी नगर पहुंच सका।

**पंकज श्रीवास्तव, युवा**

### सरकार को विचार करना चाहिए



लो-फ्लोर बसें कम खर्च और सुरक्षा के लिए आवागमन का बेहतर साधन है। इसमें सबसे बड़ी संख्या में विद्यार्थी और महिलाएं सफर करती है। बसें बंद होने से आमजन की जेब पर भार बढ़ा है। इसको लेकर सरकार को विचार करना चाहिए।

**दीक्षा कौरव, गृहणी**

### बस बंद करना सही नहीं



लो-फ्लोर बसें बंद होने से शहर के आमजन के साथ ही सबसे अधिक प्रभावित विद्यार्थी वर्ग हो रहा है। इसमें विशेष तौर पर छात्राएं और महिलाएं ज्यादा हैं। बसें बंद होने से आमजन के जेब पर भार बढ़ेगा और महिला सुरक्षा के लिहाज से भी इन्हें बंद करना सही नहीं है।

**रिषभ चौहान, युवा**

### किराया कई गुना खर्च हो रहा



लो फ्लोर बसें बंद होने से बच्चों के साथ हम भी परेशान हैं। उनकी सुरक्षा और कई गुना किराए के लिए हर दिन पैसे खर्च होते हैं। छोटे वाहनों ने भी मनमाना किराया वसूलना शुरू कर दिया है और टाइम भी वह अपने मर्जी से ही लगाते हैं।

**असफाक अहमद, भानपुर, भोपाल**

### छोटे वाहनों की भीड़ बढ़ी



लो-फ्लोर बसें बंद होने से ई रिक्शा से लेकर दूसरे छोटे वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। अच्छी बात है कि लोगों को इससे रोजगार मिल रहा है, लेकिन बसों के बंद होने महीने का पास नहीं बन रहा, किराया और समय भी अधिक लग रहा है।

**बलराम शर्मा, करोंद क्षेत्र, भोपाल**

---

**सिलेंडरों से रिफलिंग करते हुए खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा**

# घरेलू गैस कमर्शियल सिलेंडर में भरी, एक सिलेंडर पर सात सौ रुपए की अवैध कमाई

**22 घरेलू सिलेंडर, 18 कमर्शियल सिलेंडर जब्त**

**घरेलू से कमर्शियल में भरी जा रही थी गैस, किराए के मकान में चल रहा था काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिहायशी इलाके में मकान किराये पर लेकर गैस रिफलिंग का कारोबार किया जा रहा था। मकान मालिक भी ज्यादा किराये के लालच में इस काम में साथ दे रहा था। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने जब अशोका गार्डन स्थित पुष्पा नगर में रमेश शर्मा के घर पर दबिश दी तो वहां ऋषभ साहू लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडर की गैस को कमर्शियल सिलेंडर में भरकर होटल कारोबारियों को बेच रहा था, जिससे वह एक सिलेंडर पर करीब 700 रुपए की कमाई कर रहा था। टीम ने मौके से 22 घरेलू और 18 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

### अशोका गार्डन में अमले ने मारा छापा



प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि पुष्पा नगर में अवैध गैस रिफलिंग की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। इस मौके पर सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटील, सफदर खान, मयंक द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी भी कार्रवाई में शामिल रहे।

### घरेलू सिलेंडर 858 रुपए में कमर्शियल की कीमत 1852

शहर की गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं के घर पहुंचाए जाने वाले सिलेंडर के लिए करीब 858 रुपए लिए जाते हैं, जिसमें 14 किलो 200 ग्राम गैस होती है। जबकि कमर्शियल सिलेंडर 19 किलो का होता है, जो 1852 रुपए का मिलता है। ऐसे में कमर्शियल सिलेंडर में मिलने वाली गैस घरेलू गैस से करीब तीस रुपए से महंगी होती है। टीम जब मौके पर पहुंची तो यहां मौजूद 18 कमर्शियल सिलेंडर इंडेन कंपनी के मिले। जिनके बारे में ऋषभ ने नहीं बताया। जबकि घरेलू सिलेंडर एचपी, इंडेन और भारत कंपनी के मिले हैं। अवैध रिफलिंग का काम करने वाले दुकानदार ने बताया कि वह उसने यह सिलेंडर हॉकर्स से लिए थे।

**दिल्ली उड़ान साढ़े तीन घंटे लेट आई**

# जोधपुर से दिल्ली जा रही फ्लाइट भोपाल डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



देश में हो रही बारिश के कारण उड़ानें भी प्रभावित हो रही है। मंगलवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर दो फ्लाइटें अन्य शहरों की डायवर्ट की गई, जबकि एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान करीब साढ़े तीन घंटे देरी से भोपाल आई।

बारिश के कारण कोलकत्ता-गोवा की फ्लाइट को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया और यह फ्लाइट कुछ देर रुकने के बाद रवाना हो गई। इसी तरह जोधपुर से दिल्ली जा रही फ्लाइट को दोपहर में राजा भोज एयरपोर्ट डायवर्ट किया गया है। दिल्ली में बारिश होने से फ्लाइट को भोपाल डायवर्ट कर एयरपोर्ट पर करीब 4:50 बजे शाम को लैंड कराया गया। फ्लाइट में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी सवार थे, जो जोधपुर से दिल्ली जा रहे हैं।

वहीं एयर इंडिया की दिल्ली से भोपाल आने वाली दोपहर की उड़ान शाम 7 बजे भोपाल पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## ग्लोबल स्किल पार्क में जर्मन भाषा कोर्स शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (एसएसआरजीएसपी) में सुभाष इनीशिएटिव के तहत जर्मन भाषा कोर्स के तहत प्रशिक्षण शुरू किया गया। यह पहल मेटएक्स स्ट्रक्चर्स, जर्मनी के सहयोग से शुरू हुई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। मेटएक्स स्ट्रक्चर्स के प्रबंध निदेशक ओंकार काकवडे ने जर्मन भाषा की उपयोगिता, औद्योगिक मांग और प्रशिक्षण के संभावित वैश्विक लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसएसआरजीएसपी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश शर्मा ने जर्मन भाषा की अवधारणाएं साझा की। जर्मन भाषा की शुरुआत भारत और जर्मनी के कौशल सहयोग की दिशा में एक सार्थक कदम है।






### दुष्कर्म के आरोपियों की न्यायिक रिमांड 27 तक आगे बढ़ी

**भोपाल।** कॉलेज की छात्राओं के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों फरहान खान, सै.अली अहमद, साहिल खान, नबील और साद को मंगलवार को जेल से जिला न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आरती आर्य के समक्ष पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपियों की न्यायिक रिमांड की अवधि को 27 जून तक आगे बढ़ाते हुए उन्हें वापस जेल भेजने के आदेश दिए। जगदीश गुप्ता और राहुल गुप्ता अधिवक्ता द्वारा पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी का शार्ट एनकाउंटर करने वाले अशोका गार्डन थाना के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने को लेकर प्रस्तुत किए गए आवेदन पर अभियोजन पक्ष को जवाब देने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 27 जून तक का समय दिया है।

# वन विहार बाड़े की एक किमी लंबी जाली टूटी, बड़ी झील कलियासोत डैम व सड़कों पर मगरमच्छ आने का खतरा

**16 साल बाद पूरी जालिया बदली जाएगी, एक्सपर्ट कंपनी या एजेंसी को दिया जाएगा टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आने वाले दिनों में बड़ी झील, कलियासोत डैम और इसके पास सड़कों पर मगरमच्छ दिखाई दे सकते हैं। दरअसल, वन विहार में मगरमच्छ के बाड़े की जाली टूटी हुई है। यहां मगरमच्छ बारिश के मौसम में सीधे झील में ही जाएंगे। मगरमच्छ व अन्य जलीय जीव सीमा से बाहर निकलने से लोगों में भय का माहौल बनता है।

**आठ साल से वन विहार व बड़े तालाब की बीच जाली की मरम्मत नहीं करा सका वन विहार प्रबंधक**



### बीते साल ज्यादा वर्षा होने से काम नहीं हुआ

पिछले साल बारिश अधिक हुई थी। इसके चलते जालियों की मरम्मत नहीं हो पाई, लेकिन अब प्रबंधक ने पूरी जाली को बदलने का निर्णय लिया है। यह काम पानी के अंदर काम करने का अनुभव रखने वाली एजेंसी को दिया जाएगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

**संदेश माहेश्वरी, सहायक संचालक वन विहार**

**एक किमी लंबी जाली क्षतिग्रस्त**

*वन विहार सूत्रों के अनुसार वन विहार की बड़ी झील में लगी करीब एक किमी लंबी जाली क्षतिग्रस्त हो गई है। यह करीब आठ साल से टूटी हुई है। 15 साल पहले यानी 2010 में 3.50 करोड़ की लागत से पार्क प्रबंधन ने यह जाली लगाई थी। प्रबंधन का तर्क है कि तालाब में पानी रहने की वजह से जालियों की मरम्मत नहीं हो सकी।*

**रानी कमलापति के यात्री सीधे मेट्रो स्टेशन पर पहुंच सकेंगे**

# आरकेएमपी और मेट्रो स्टेशन के बीच ब्रिज बनाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के यात्री सीधे मेट्रो स्टेशन पर पहुंच सकेंगे। दरअसल आरकेएमपी और मेट्रो स्टेशन पर ब्रिज बनाने का काम शुरू हो गया। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलने वाली है।

इस नई कनेक्टिविटी के बाद यात्री सीधे रेलवे स्टेशन परिसर से मेट्रो स्टेशन तक आसानी से पहुंच सकेंगे, जिससे न केवल उनका समय बचेगा, बल्कि शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। यह योजना विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, जो रेलवे स्टेशन से शहर के विभिन्न हिस्सों में जाने के लिए ऑटो-टैक्सी या अन्य सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं। अब वे सीधे मेट्रो का उपयोग करके अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

### यात्रियों को भीड़-भाड़ और ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत



सीधी कनेक्टिविटी से यात्रियों को भीड़-भाड़ और जाम से मुक्ति मिलेगी, साथ ही सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। मेट्रो शुरू होने के साथ ही यह सुविधा भी शुरू हो जाएगी। इससे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए स्टेशन से बाहर निकलकर थोड़ी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा, जिससे खासकर भारी सामान के साथ यात्रा करने वालों को सुविधा होगी।

### परिवहन ढांचे को मजबूत करेगा

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के महाप्रबंधक मोहित सोमैया ने बताया कि कि इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और उम्मीद है कि यह कनेक्टिविटी जल्द ही यात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। यह कदम भोपाल के परिवहन ढांचे को मजबूत करने और यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## इंदौर में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

# नगर निगम के उद्यान शाखा के सहायक अधीक्षक चेतन के घर-दफ्तर पर छापा




■ आय से अधिक संपत्ति जुटाने का आरोप

**इंदौर।** ईओडब्ल्यू ने इंदौर में बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू की टीम मंगलवार को इंदौर नगर निगम के उद्यान विभाग में सहायक अधीक्षक चेतन पाटिल के घर और दफ्तर छापा मारा है। यह कार्रवाई पाटिल के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद की गई है। एक टीम सुबह पाटिल के गुलमोहर कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंची और छानबीन शुरू की। वहीं दूसरी टीम नगर निगम स्थित उनके कार्यालय पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, इस कार्रवाई के दौरान पौधों की खरीदी, कटाई, टेंडल, बिल आदि की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, चेतन पाटिल के खिलाफ वित्तीय अनियमिता की शिकायत मिल रही थी। ईओडब्ल्यू की टीम अल सुबह छापेमारी की कार्रवाई की। सूत्रों की माने तो अब तक की सेवा अवधि में पाटिल ने आय से अधिक संपत्ति जुटाने का आरोप है।


**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"प्रदेश के विभिन्न जिला खेल परिसरों एवं खेल मैदानों में घास लगाने, लैण्डस्केपिंग, रख-रखाव तथा उक्त कार्य हेतु लगने वाली काली मिट्टी, रेत, खाद तथा छिड़काव का कार्य एवं पौधे प्रदाय हेतु"** ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/120667/2025 **संचालक**



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक थाप्र/कोत/भो/डी-09/2025 दिनांक-12/06/2025

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली भोपाल के मर्ग क्रमांक 09/2025 में मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 60-65 साल जिसका हुलिया शरीर दुबला पतला, दाढी मूंछ बडी हुई सफेद, सिर के बाल सफेद, शरीर । मृतक बीमार होकर हुलिया से भिखारी जैसा प्रतीत होता है। मृत अवस्था में मिला है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि मृत व्यक्ति व उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी हो या इसके परिजन हो तो थाना कोतवली भोपाल में आकर संपर्क करें अथवा दूरभाष क्रमांक 0755-2677309 अथवा 0755-24443220 जांचकर्ता सउनि दुलीचंद साहू के मोबा.नं. 9993710919 अथवा थाना प्रभारी कोतवाली भोपाल के मोबा.नं. 7587601981 पर तत्काल संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना कोतवाली भोपाल (म.प्र.)**

जी -14470/25 स्वच्छता ही सेवा



**जाहिर सूचना**

**(प्लाट नं.30 सेक्टर सी तिलक गृह निर्माण सहकारी संस्था इंद्र विहार कालोनी ग्राम सिंगारचोली भोपाल)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री ओम आ. रमाकांत निवासी ई-9/6 इंद्र विहार कालोनी सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट नं.30 सेक्टर सी जो तिलक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा विकसित इंद्र विहार कालोनी ग्राम सिंगारचोली हल्का नं.04 तहसील हुजूर जिला भोपाल के नगर निगम के वार्ड नं.06 में है जो भूमि सर्वे नं.40, 41, 84, 47, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 70, 76, 77, 80, 85, 87, 92, 95, 96, 97, 98/37, 31/1, 38/1, 38/2, 39, 72, 86, 88, 89, 43/1, 43/2 एवं 48 का अंश भाग है जिसकी पैमाईश 7.50x12 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमाएं इस प्रकार है -पूर्व में मार्ग संस्था का, पश्चिम में प्लाट नं.31 (सेक्टर सी), उत्तर में मार्ग संस्था का व दक्षिण में प्लाट नं.36 (सेक्टर सी) उक्त को क्रय करने का अनुबंध करने जा रहा है। यदि उक्त भूखंड से संबंधित में किसी व्यक्ति, समूह अथवा वित्तीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भारप्रभार, बंधक, दान, कोई लेनेदेन, या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय्दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। मेरा पक्षकार पूर्णरूप से अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

कृपया सूचित हो

भवदीय **महेन्द्र प्रजापति** अधिवक्ता
कार्यालय/निवास-जिला एवं सत्र न्यायालय के पीछे वैशाली नगर सीहोर जिला-सीहोर
मो.9669508889


## जैकेट का शेष...

### मप्र में 9 साल से ...

दिया गया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के एम. नागराज, जरनैल सिंह एवं आरके सभरवाल प्रकरणों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नियम का प्रारूप तैयार किया है। जल्दी ही इसे लागू करने का आदेश जारी किया जाएगा। नया पदोन्नति नियम 2025 से प्रभावशील होगा। उन्होंने नए पदोन्नति नियम के एक-एक बिंदुओं के बारे में भी जानकारी दी। नए नियम में स्पष्ट किया गया है कि विभागीय पदोन्नति समिति के बैठक से पूर्व केवल कारण बताओ सूचना पत्र के आधार पर बंद लिफाफे की कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिससे अधिक लोक सेवकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कुल मिलाकर पदोन्नति के पद जिस दिन उपलब्ध होंगे, उसी दिन उपयुक्त योग्य एवं आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर पदों को भरा जा सकेगा। इस नए नियम से लगभग 2 लाख नए पद निर्मित होंगे। इससे प्रशासन में सुधार एवं कार्यक्षमता बढ़ेगी। नए नियम लागू होने तथा नए पद रिक्त होने पर नई भर्तियां भी की जा सकेगी।

### अहमदाबाद-लंदन...

हुई थी। इस बीच लंदन से अमृतसर, दिल्ली से पेरिस और पेरिस से दिल्ली की उड़ान को भी रद्द कर दिया गया है। दिल्ली-पेरिस वाली एयर इंडिया की उड़ान को रद्द करने की वजह तकनीकी समस्या बताई गई। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान एआई-159 दोपहर 1.10 बजे अहमदाबाद से रवाना होना था। इसका लंदन पहुंचने का समय शाम 6.25 बजे बताया गया।

बीते दो दिन में तीन बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में तकनीकी समस्या देखी गई। पहले एयर इंडिया एआई 315 (हांगकांग से दिल्ली) तकनीकी खराबी के कारण बीच उड़ान में ही लौट आया। इसके बाद सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट को कोलकाता में ही ठहरना पड़ा और अहमदाबाद-लंदन की फ्लाइट को रद्द करना पड़ा है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि 17 जून को दिल्ली से पेरिस जाने वाली फ्लाइट एआई143 को रद्द कर दिया गया है। उड़ान से पहले की अनिवार्य जांच में एक समस्या सामने आई है, जिसे अभी ठीक किया जा रहा है। हालांकि, पेरिस चार्ल्स डी गॉल (सीडीजी) हवाई अड्डे पर रात के संचालन पर प्रतिबंध के तहत आने वाली उड़ान को देखते हुए उड़ान को रद्द कर दिया गया है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों को विकल्प की पेशकश भी कर रहे हैं। परिणामस्वरूप 17 जून, 2025 को पेरिस से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई 142 भी रद्द कर दी गई है।

### इंडिगो विमान की ...

9:20 बजे कोच्चि से दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट संख्या 6ई 2706 में बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। तय प्रोटोकॉल के तहत तुरंत आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि धमकी गंभीर थी क्योंकि उसमें फ्लाइट का नंबर तक स्पष्ट तौर पर दिया गया था। उस समय तक फ्लाइट कोच्चि से उड़ान भर चुकी थी, जिसे सुरक्षा कारणों से नागपुर एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया फिलहाल विमान और यात्रियों की जांच जारी है।

### 10 जिलों में आगे ...

आगे बढ़ रहा बढ़ रहा मानसूनी सिस्टम अभी पूरे करंट में है। अगले कुछ दिन इसके लिए सभी परिस्थितियां अनुकूल होने से पूरे प्रदेश में मानसून 25 से 27 जून तक ऑनसेट हो सकता है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद तापमान में दो डिग्री तक और कमी आएगी।

### भोपाल में भी दो ...

अनुकूल बनी हुई हैं। दो दिन में अरब सागर, यह राजस्थान और मप्र के कुछ और हिस्सों, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के शेष हिस्सों में आगे बढ़ जाएगा।

भोपाल में भी दो से तीन दिन में आने की उम्मीद है।

## पेज एक का शेष....

### अगले 24 से 48...

छोड़कर भाग रहे हैं पर रास्ता नहीं मिल रहा है। ट्रंप जी-7 समिट से एक दिन पहले ही वॉशिंगटन लौट गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक बुला ली है। वे बुधवार की रात सिचुएशन रूम में ही बैठेंगे। जी-7 के सदस्यों ने इजराइल के हमले को सही ठहराया है। सदस्यों ने कहा कि ईरान को एटम बम रखने का कोई हक नहीं है। इजराइल का लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है जिसके लिए उसने नतांज और इस्फहान में यूरेनियम संवर्धन को नुकसान पहुंचाया है। अब फोर्डो फ्यूल इनरिटचमेंट प्लांट को तबाह करने की चुनौती है जिसे ईरान का माउंट डूम भी कहा जाता है। अमेरिका द्वारा इस प्लांट पर हमले की आशंका है जिसके चलते ईरान ने रूसी एस-300 एअर डिफेंस सिस्टम तैनात किया है। इजराइल को मालूम है कि अगर ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है तो तेहरान से 125 किलोमीटर दूर पहाड़ से करीब 300 फीट की गहराई पर बने फोर्डो फ्यूल इनरिटचमेंट प्लांट को तबाह करना होगा। इसे ईरान का मॉउंट डूम भी कहा जाता है। लेकिन फोर्डो फ्यूल इनरिटचमेंट प्लांट पर हमला करना इतना आसाम काम नहीं है। ईरान को डर है कि अमेरिका या इजराइल इस जगह को निशाना बना सकता है। इसलिए ईरान ने प्लांट के करीब रूसी एस-300 एअर डिफेंस सिस्टम इंस्टॉल कर रखा है। इस संयंत्र में अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया जा रहा है, जो परमाणु बम बनाने के लिए काफी अहम है।

**जी7 ने इजराइल का समर्थन किया, ईरान को बताया 'क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत':** शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में, जी 7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी न्यूक्लियर वेपन बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

**सैन्य सलाहकार अली शादमानी ने 4 दिन पहले ही पद संभाला था:** मंगलवार को इजराइल की सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि पांच दिनों में दूसरी बार आईडीएफ ने ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ को मार गिराया है। ईरान के सबसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और खामनेई के सबसे करीबी सैन्य सलाहकार अली शादमानी सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर मध्य तेहरान में आईएएफ के हमले में मारे गए। शादमानी ईरान की सैन्य आपात कमान के प्रमुख थे। उन्होंने चार दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। बता दें कि, मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की मौत पिछले शुक्रवार को हुई थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई अब पहले से कहीं अधिक अकेले नजर आ रहे हैं। हवाई हमलों में खामनेई के कई प्रमुख सैन्य और सुरक्षा सलाहकारों की मौत हो चुकी है, जिससे उनकी आंतरिक सलाहकार टीम में लोगों भारी कमी है, जिसके असर नेतृत्व पर भी देखने को मिल रहा है। पिछले शुक्रवार से अब तक कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की हत्या कर दी गई है। जिनमें रिवोल्यूशनरी गाइर्स (ईरान की प्रतिष्ठित सैन्य इकाई) के कमांडर हुसैन सलामी, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के प्रमुख और एयरस्पेस चीफ अमीर अली हाजीजादेह, और खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी शामिल हैं। ये सभी खामनेई के करीब 15-20 लोगों की उस आंतरिक सलाहकार टीम का हिस्सा थे जो समय-समय पर महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए खामनेई के साथ बैठक करते थे।

**भारतीय छात्रों की निकासी के लिए की गई विशेष बसों की व्यवस्था:** सोमवार को भारतीय दूतावास ने तेहरान से छात्रों को बाहर निकालने के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की थी। तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज से सभी भारतीय छात्रों को सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया जा चुका है।

### मैं कहीं ज्यादा बड़े ....

बुलाई। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि प्रचार चाहने वाले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस डीसी जा रहा हूं, ताकि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वॉशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा और जरूरी काम है। चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं। देखते रहिए! दावा किया गया कि ट्रंप के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची परमाणु समझौते और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा करने के लिए मुलाकात कर सकते हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन....

आयोजन में भाग लेने के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आमंत्रित किया है। जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी जैसे दुनिया के 7 विकसित देश और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अचानक अमेरिका वापस लौट गए हैं। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी बीते 15 जून से तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इसका पहला पड़ाव साइप्रस था। दूसरा पड़ाव कनाडा और तीसरी व अंतिम पड़ाव क्रोएशिया होगा। साइप्रस की यात्रा पूरी करने के बाद ही पीएम कनाडा पहुंचे हैं। सम्मेलन में इजरायल-ईरान, इजरायल-हमास और यूक्रेन-रूस युद्ध जैसी वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुद्दे पर बातचीत की जाएगी।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली विदेश यात्रा:** गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पीएम की पहली विदेश यात्रा है। बीते वर्ष अक्टूबर महीने में भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था। कनाडा इनका निज्जर की हत्या से संबंध बता रहा था। लेकिन अब कनाडा में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद दोनों देशों के संबंध आपसी विश्वास और संवेदनशीलता के साथ सामान्य होने की उम्मीद नजर आ रही है। इसी साल मार्च महीने में कार्नी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला है। पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों के सुरक्षा अधिकारी पुनः संपर्क बहाली के जरिए नए उच्चायुक्त की नियुक्ति की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

### पर्यटन का 2024....

पहली पसंद बन रहा है। प्रदेश ने वर्ष 2024 में पर्यटन के क्षेत्र में कीर्तिमान रचा है। यहां रिकॉर्ड 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। यह उपलब्धि 2023 की तुलना में 19.6%, 2019 से लगभग 50.6% और 2020 की तुलना में 526% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। पीएस पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मप्र देश ही नहीं, वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर भी उभर रहा है। यह उपलब्धि शासन की दूरदर्शी नीतियों, आधारभूत ढांचे के विकास और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी का प्रतिफल है।

**1.67 लाख विदेशी पर्यटक प्रदेश आए:** वर्ष 2024 में 1.67 लाख विदेशी पर्यटकों ने भी मध्य प्रदेश की सैर की। खजुराहो में 33,131, ग्वालियर में 10,823 और ओरछा में 13,960 विदेशी पर्यटक पहुंचे। शहरी पर्यटन में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई, जिसमें इंदौर में 9,964 और भोपाल में 1,522 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। बांधवगढ़ में 29,192, कान्हा में 19,148, पन्ना में 12,762 और पेंच में 11,272 विदेशी पर्यटक आए, जो मध्य प्रदेश की वैश्विक अपील को दर्शाता है।

### धार्मिक स्थलों पर ....

वनगमन पथ, देवी लोक, राजा राम लोक, हनुमान जैसी परियोजनाओं ने धार्मिक पर्यटन को आध्यात्मिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

### कायस्थ समाज में...

आयोजित कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि किसी के हृदय को ठेस पहुंचाना कभी शिव महापुराण नहीं जानती। शिव महापुराण हमेशा जगत का कल्याण करती है। जगत कल्याण की बात करती है। महाराष्ट्र के बीड़ में शिवपुराण कथा के दौरान 14 जून को पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान चित्रगुप्त और यमराज को लेकर टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### 11वीं कक्षा की...

थी। रात जब वे तीनों बाइक से गांव वापस जा रहे थे, तो गांव से ठीक पहले दो बाइक पर आए चार लोगों ने उनकी बाइक रुकवाई, कोई कुछ समझ पाता उसके पहले ही बदमाशों ने लड़की पर तीन फायर किए। दो गोलियां उसके कान के पास और एक सिर में लगी। जिससे मलिश्का की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बदहवास पिता लाखन मदद की गुहार लगाता रहा, पुलिस भी सूचना के काफी देर बाद पहुंची। तब तक मलिश्का का शव ऐसे ही सड़क के बीचों बीच पड़ा रहा। पुलिस पहुंची तो उसका शव पोस्टमार्टम के लिए जौरा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल में महिला डॉक्टर ना होने से शव को मुरैना भेजना पड़ा। जहां उसका पोस्टमार्टम मंगलवार सुबह किया गया। इस पूरी घटना के पीछे जमीनी विवाद की बात निकलकर सामने आ रही है। लड़की के नाना सरनाम सिंह ने बताया कि कि उन लोगों का पड़ोसी भीकम से खेत को लेकर विवाद चल रहा था। बागचीनी थाना प्रभारी डिंपल मौर्य का कहना है कि ये मामला अभी संदिग्ध है, जांच की जा रही है।

### आंबेडकर मूर्ति लगाने...

उपवास आंदोलन किया जाएगा। पटवारी ने बताया कि आंदोलन के तहत कांग्रेस 23 जून से 25 जून तक तीन दिन का वैचारिक जनजागरण आंदोलन करने जा रही है। इसके तहत 23 जून को कांग्रेस के सभी नेता, कार्यकर्ता घर-घर जाकर संविधान पर चर्चा करेंगे। 24 जून को किसी भी एक मोहल्ले, बस्ती में वंचित वर्ग के लोगों के साथ सामूहिक भोजन करेंगे और संविधान की चर्चा करेंगे। 25 जून को पार्टी के सभी विधायक, जिलाध्यक्ष और सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा ग्वालियर में सामूहिक उपवास किया जाएगा।

### कांग्रेस को तो माफी ....

अपमान के लिए माफी अभियान चलाकर उपवास रखना चाहिए। बिना शर्त पूरे देश से माफी मांगना चाहिए।

### सोनम फिर बोली- मार....

घेर लिया और मीडिया को आसपास जाने की मनाही रही। पुलिस के अनुसार, गुवाहाटी और चेरापूंजी में दो जगहों पर राजा की हत्या की कोशिश नाकाम रही और चौथी जगह वेइसाडोंग में कातिल कामयाब हुए। सोनम ने भी खुद पति राज को मारने के लिए कातिलों को उकसाते हुए कहा था कि मारो इसे। यही नहीं, लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी थी। पहले दिन की पुलिस कस्टडी में सोनम, राज कुशवाह समेत पांचों आरोपियों से पूछताछ के बाद शिलांग एसपी विवेक स्येम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासे किए थे।

### सोनम का परिवार ...

अधिकारी प्रेम त्रिकोण को एकमात्र मकसद नहीं मान रहे हैं और वे विभिन्न अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। हम जांच कर रहे हैं कि क्या इस मामले में कुछ और भी पहलू हो सकते हैं। सोनम के परिवार को भी जांच के दायरे में लाया जा सकता है।


**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15444323H RANK-NK /LA BORSE AMOL GULAB S/o BORSE GULAB PANDIT presently serving with UNIT-MH BHOPAL, In my Service Record my wife name is mentioned as VAISHALI AMOL BORSE According to Aadhar Card & other record my wife name is BORSE VAISHALI AMOL which is correct & true. So these both names VAISHALI AMOL BORSE and BORSE VAISHALI AMOL is not two person it is the same person.i declare that the information given by this affidavit is true and correct.
by AFFIDAVIT-29AA 657161

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, ARMY NO. 15444323H RANK-NK/LA BORSE AMOL GULAB presently serving with UNIT MH BHOPAL, In my -Service Record my mother's name is mentioned as ASHABAI According to Aadhar Card & other record my mother's name is mentioned as ASHABAI GULAB BORSE which is correct & true. So these both names ASHABAI and ASHABAI GULAB BORSE it is the same person. In my Army service Record my mother's date of birth is mentioned as 20/03/1967 and according to aadhar card and other record my mother's date of birth is 01/01/1970 which is correct and true,I declare that the information given by this affidavit is true and correct.
By AFFIDAVIT- 29AA 657162

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**गाँधी पी.आर. महाविद्यालय**
'DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23
UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hons)
PG COURSE: M.A.: Hind, English Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work; M.Sc: Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology; M.Com: Accounts & Management; B.Ed.: Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE: P.G.D.Y.S: PG Diploma In Yogic Science; P.G.D.C.A.: PG Diploma in Computer Appcation; D.El.Ed.: Diploma in Elementary Education
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288, 7828186626

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग** गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409


## राशिफल

**मेष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:** शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


## शब्द पहेली - 5901



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5900 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5911

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5910 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सैमसंग आरएंडडी और आईआईटी में समझौता

**गुरुग्राम।** सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट, नोएडाने इंडस्ट्री और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को और मजबूत करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देना, तकनीकी विकास को गति देना और भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को तैयार करना है। यह सहयोग भारतीय भाषाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थटेक और जनरेटिव एआई जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

### यूएस क्रैनबेरीज देशभर में आसानी से उपलब्ध

**नई दिल्ली।** यूएस क्रैनबेरीज अब देशभर के ड्राई फ्रूट स्टोर्स और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे यह हर परिवार के लिए एक सुलभ और सुविधाजनक विकल्प बन गया है। यूएस क्रैनबेरीज में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल ने बच्चों की डेली डाइट में यूएस क्रैनबेरीज शामिल करने की सलाह देते हैं।

### तनिष्क डायमंड्स का नया 'रेडियंस इन रिदम'

**मुंबई।** तनिष्क ने अपना सबसे नया प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन प्रस्तुत किया है। 'रेडियंस इन रिदम'। कुशल हाथों ने, पूरे दिल से, एक-एक कहानी को बुनते हुए बनाया हुए यह कलेक्शन आधुनिक महिला से ही प्रेरित है, ऐसी महिला जो अनोखी है, अपनी एक विशेष पसंद रखती है और बहुत ही आसानी से सबसे आगे रहती है। 'रेडियन्स इन रिदम' सिर्फ आभूषण नहीं हैं बल्कि आधुनिक आधुनिक महिला की अभिव्यक्ति हैं, जिसे बहुत ही कलात्मक ढ़ंग और शानदार तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

### मणिपाल में सर्जरी के बिना निकाला टूथब्रश

**कोलकाता।** डॉ. संजय बसु, सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मणिपाल अस्पताल मुकुंदपुर ने अस्पताल में भर्ती हुई एक महिला जिसने गलती से टूथब्रश निगल लिया था एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिए महिला के पेट से टूथब्रश को सफलतापूर्वक निकाला। यह एक उच्च जोखिम वाली एंडोस्कोपी थी, जिसमें सर्जरी की आवश्यकता को टालते हुए सुरक्षित रूप से वस्तु को बाहर निकाला गया। महिला को सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द हो रहा था, जिसके कारण तुरंत चिकित्सकीय जांच की गई।

### बादाम स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प

**नई दिल्ली।** हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे ज़रूरी पोषक तत्व होने चाहिए। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है।

### एसएसएस के प्रतिभागियों ने किया संजय कैंप का दौरा

**नई दिल्ली।** करुणा पर केंद्रित दुनिया के पहले शिक्षण कार्यक्रम- सत्यार्थी समर स्कूल के प्रतिभागियों ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर दिल्ली के संजय कैंप का दौरा किया। प्रतिभागियों ने बाल मित्र मंडल के बाल नेताओं के साथ बातचीत की, उनके परिवर्तन की प्रेरक कहानियां सुनीं, उनके साथ नृत्य किया और गीत गाए। इस दौरान वे पूर्व बाल मजदूरों से भी मिले, जो अब नेतृत्वकर्ता और परिवर्तनकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं। उसके बाद सभी प्रतिभागी राजस्थान स्थित बाल आश्रम पहुंचे।

दुग्ध उत्पादों की महंगाई से आम आदमी परेशान, घटी परचेजिंग पावर

# ग्राहकी का अभाव फिर भी शुद्ध घी रिटेल में 650 रुपए के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दुग्ध उत्पादों ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। कारोबारियों का कहना है कि गर्मियों के कारण यह वृद्धि हुई है। मांग इस समय चरम पर है,लेकिन उत्पादन में कमी है। गर्मी के दिनों में पशु भी दूध कम देते हैं इसलिए सभी डेयरी उत्पाद महंगे हो रहे हैं। डेयरी व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों के अनुसार कंपनियों के दाम बढ़ाने से बिक्री पूरी तरह खत्म हो गई है। जिस व्यापारी के रोज दस टिन बिकते थे, उनकी बिक्री दो टिन भी नहीं रही है। वहीं रिटेलर भी इस समय खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। महंगाई चरम पर होने लोगों की परचेजिंग पावर घटी है। बताया जा रहा है कि मौजूदा समय में ग्राहकी के अभाव होने से व्यापारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

थोक में ग्राहकी नदारद आर्थिक तंगी से जूझ रहे डेयरी व्यवसायी





**देसी घी की विदेशों में डिमांड होने से घी के थोक भाव ऊंचे**

*बाजार जानकार और सेंट्रल इंडिया डेयरी फॉर्म के राजेश गुप्ता (बबूल भाई) के अनुसार भीषण गर्मी के कहर का असर दुधारू गाय-भैस मवेशियों पर भी पड़ रहा है। पशुओं में दूध में कमी आ रही है। सामान्य मौसम में जो पशु 12-15 लीटर दूध देती थी गर्मी की वजह से घटकर 6 से 7 से आठ लीटर तक आ गई है। चारा-पानी, खल्ली चुंन्नी में तो खर्च उतना ही आ रहा है। उत्पादन कम होने से शहर में दूध की सप्लाई 30 फीसदी तक प्रभावित हो रही है। तो वहीं देसी घी की विदेशों में डिमांड होने से घी के थोक भाव ऊंचे बने हुए है। उन्होंने बताया कि वैवाहिकी सीजन पर फिलहाल विराम लगने से शुद्ध घी से ग्राहकी नदारद है बाजार बहुत मंदा है पैसों की बहुत तंगी है। घी और पाउडर दोनों में बिल्कुल सेल नहीं है। उन्होंने बताया कि डेयरी बाजार में शुद्ध के थोक भाव ब्रांड अनुसार -नोवा घी 574 रुपए, पारस 574 रुपए, अशोक 570 रुपए, सम्प्रति 575 रुपए, अमूल 590 रुपए, नोवा पाउडर 310 रुपए, अमूल सागर 324 रुपए , गाय के दूध पाउडर लगभग 260 रुपए से लेकर 280 रुपए प्रति किलो के भाव है। वहीं स्टेंडर्ड इंडिया डेयरी फार्म के बबलू भाई के अनुसार अमूल्य, सांची सहित अन्य दुग्ध उत्पाद तैयार करने वाली कंपनियों द्वारा दूध के दाम में बढ़ोतरी किए जाने से शुरू साल से अभी तक दूध के दाम 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए है। जिससे दूध सहित दुग्ध उत्पादों के दाम बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि शुद्ध देशी घी रिटेल में 640 से 660 रुपए किलो के भाव बिक रहा है। जबकि मावा और पनीर 280 से 300 रुपए किलो के भाव है। बताया जा रहा है कि बाजार में घी और पाउडर दोनों की कीमतें बढ़ी हुई हैं। पिछले साल की तुलना में दूध सप्लाई बेहतर है।*

### गर्मी बढ़ने से शुद्ध देसी घी में शॉर्टेज मंडियों में बन गई

*हरियाणा डेयरी फार्म के संचालक नरेश खुल्लर और सौरभ खुल्लर के अनुसार गत सप्ताह दूध पाउडर एवं देसी घी में ग्राहकी कमजोर होने से भाव में ठहराव बना रहा, लेकिन गर्मी बढने से देसी घी में शॉर्टेज की स्थिति मंडियों में बन गई है। आगे लिक्विड दूध की कमी को देखकर देसी घी एवं दूध पाउडर में और तेजी लग रही है। वहीं नकली आयातित बटर से निर्मित मिलावटी माल धड़ले से बिक रहे हैं, जिस कारण असली देसी घी निर्माताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बटर का स्टॉक प्लांटों में नहीं है, लेकिन मिलावटी देसी घी एवं नकली बटर आयल सस्ते भाव पर बिकने से देसी घी की बिक्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। फिलहाल जुलाई में 5 दिन शादियों की खपत जोरों पर रहेगी। उससे पहले घरेलू खपत की भी सेल चलेगी। बताया जा रहा है कि जुलाई माह में दूग्ध उत्पादन में कमी को देखते हुए 200 रुपए प्रति टीन और तेज लग रहा है। इधर गर्मी बढने से दूध पाउडर की खपत भी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि देश में घी का कारोबार करीब 50 हजार करोड़ रुपए का है। ये आंकड़ा इस कारोबार में शामिल सिर्फ बड़े ब्रांड का है।*

मुंबई में चमका औद्योगिक भविष्य

## सीआईआई वायर टेक में जुटे देश-विदेश के दिग्गज

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सीआईआई वायर टेक 2025 और सीआईआई पाइप्स एंड ट्यूब्स शो के दूसरे संस्करण का भव्य शुभारंभ मुंबई के बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में हुआ। उद्घाटन अवसर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन बी. (आईएएस ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ टाटा स्टील के अनुराग पांडे, राजरतन ग्लोबल वायर के सुनील चोरडिया और केईसी इंटरनेशनल के मंजीत सिंह सेठी भी मौजूद रहे। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी भारत के वायर, केबल, पाइप और ट्यूब उद्योग के पूरे वैल्यू चेन को एक मंच पर लाया है। सीआईआई वायर टेक 2025 और सीआईआई पाइप्स एंड ट्यूब्स शो में वेंडर डेवलपमेंट मीट्स, प्रोडक्ट लांच, तकनीकी प्रस्तुतियां और 8 विषयगत सम्मेलन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप यह आयोजन नवाचार, साझेदारी और भारत को वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रहा है।




### अपने स्वच्छ ऊर्जा रोडमैप को आगे बढ़ा रहेः राधाकृष्णन

*इस अवसर पर राधाकृष्णन बी. ने कहाकि वायर और केबल सेक्टर महाराष्ट्र के 32 गीगावाट विजन को पूरा करने की कुंजी है। हमने भुसावल में 660 मेगावाट की इकाई चालू की और 2×660 मेगावाट कोराडी विस्तार के लिए 8,000 करोड़ का अनुबंध दिया। इसके साथ ही हम 150 मेगावाट की मुख्यमंत्री सौर कृषिवाहिनी परियोजना जैसी प्रमुख सौर पहलों के साथ अपने स्वच्छ ऊर्जा रोडमैप को आगे बढ़ा रहे हैं।*

### रणनीतिक विकास दृष्टिकोण पर जोर सुनील बोले

*सीआईआई वायरटेक 2025 के अध्यक्ष और राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील चोर्डिया ने रणनीतिक विकास दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि भारत का वायर और केबल बाजार सिर्फ धातु से कहीं अधिक है। यह देश के विकास इंजन का तंत्रिका तंत्र है। मजबूत नीति समर्थन और निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, ईवी, रक्षा और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण उद्योग 2032 तक सालाना आधार पर 8 फीसदी की वृद्धि करने के लिए तैयार है।*

## ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का पांच दिवसीय महाअधिवेशन 20 अगस्त से श्रीलंका के कोलंबो में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का पांच दिवसीय 22वां वार्षिक महाअधिवेशन श्रीलंका में होगा। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक एसोसिएशन की अध्यक्ष रवि जिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ऑल इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव एवं महासचिव अशोक चावला ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष एसोसिएशन का 22वां पांच दिवसीय महाअधिवेशन 20 से 24 अगस्त श्रीलंका के कोलंबो में होगा। कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन ने बताया कि महा अधिवेशन में देश 22 राज्यों के टेंट व्यापारियों परिवार सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एमपी टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने बताया कि मध्य प्रदेश से काफी संख्या में टेंट व्यापारी परिवार के सदस्य इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगे।

### पीएनबी का दुर्घटना बीमा योजना के लिए एससीसीएल से करार



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के साथ व्यापक पीएनबी वेतन बचत योजना शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एससीसीएल कर्मचारियों के लिए 1.25 करोड़ रुपए के बढ़े हुए दुर्घटना बीमा कवरेज की सुविधा उपलब्ध है। इस करार पर हस्ताक्षर पीएनबी एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र व दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जो कोयला खदान श्रमिकों व उनके परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। पीएनबी एमडी अशोक चंद्र ने कहाकि एससीसीएल के साथ यह समझौता अन्य क्षेत्रों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा।

नियम 92 (1) (क) (ii)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन, दिनांक : 16-06-2025
नगर पालिक निगम, ग्वालियर
जनसंपर्क RO क्रमांक 404 दिनांक : 17-06-2025
//निविदा सूचना//
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_430705_1 13.06.2025 | (कायाकल्प योजना) वार्ड क्र. 64 सेंट जॉन स्कूल से पुरानी छावनी चौराहा तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 120 दिन 1,78,74,962/- | 12500/- 89375/- | 14.07.2025 |

नोटः निविदा सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, ग्वालियर

प्रांसपोर्ट संगठन ने उठाई आवाज

## चालक से मारपीट, दोषी ट्रैफिक अधिकारी पर कार्रवाई की मांग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित चालक महेश गिरी को साथ लेकर इंदौर के एडिशनल कमिश्नर श्रीवास्तव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ट्रैफिक विभाग के सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा की गई गंभीर मारपीट और गाली-गलौच की घटना पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। संगठन के सीएल मुकाती ने बताया कि फोनिक्स मॉल के सामने बायपास पर वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक अधिकारी द्वारा चालक के साथ शारीरिक हमला कर उसके दो दांत तोड़ना अत्यंत निंदनीय है। प्रतिनिधिमंडल ने श्रीवास्तव से दोषी अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ताकि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े श्रमिकों व चालकों की सुरक्षा बनी रहे। इस पर श्रीवास्तव ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर तीन दिन में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अमरजीत सिंह बग्गा, सीएल मुकाती , विजय कालरा,अजीत हुरिया, भरत गोस्वामी, रूबल खनूजा मौजूद रहे।

### नीति आयोग की कार्बन मुक्त भारत कार्यशाला में आरकेडीएफ के वैज्ञानिकों को सराहा



**भोपाल।** कार्बन मुक्त भारत में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत सरकार के नीति आयोग ने मध्यप्रदेश की आरकेडीएफ युनिवर्सिटी को गौरवांवित होने का अवसर प्रदान किया है। यह अवसर आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों डॉ.वीके सेठी और प्रोफेसर डॉ.रश्मि द्विवेदी को नीति आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में आमंत्रित करके प्रदान किया गया है। नीति आयोग ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में कार्बन अभिग्रहण उपयोग और भंडारण सीसीयूएस पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन बीते दिन किया था। जिसका उद्देश्य सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख उद्योगों को कार्बन मुक्त करने की रणनीतियों पर विचार करना था। इस दौरान टेक्नालॉजी, वित्तपोषण और नीति ढांचे परगहन विचार-विमर्ष किया गया, जो सन 2070 तक के भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यशाला में कई शीर्ष विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया।

### अभा हैहय कलचुरि महासभा में राजेश राय प्रदेश सचिव (प्रचार) मनोनीत



**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी में राजेश राय 'पत्रकार' को प्रदेश सचिव (प्रचार), मध्यप्रदेश पद पर मनोनीत किए जाने पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र (पप्पू) राय, हरिराम राय प्रदेश महासचिव प्रचार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कार्यालय संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल
E-mail Id - dirknhbho@mp.gov.in Ph.No. 0755-2731261
क्रमांक / 1914 / संचा/कनेचि/जेडीस्था-3/2025 भोपाल, दिनांक 17/6/25
दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के स्टाफ नर्स, एम.एस.डब्ल्यू, ड्रेसर, डाटा एंट्री ऑपरेटर सह रजिस्ट्रेशन क्लर्क एवं टेलीफोन ऑपरेटर पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30/06/2025
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित चिकित्सा इकाईयों में दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के कुल 06 पदों की पूर्ति किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.bgtrrdmp.mp.gov.in से डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
संचालक
कमला नेहरू चिकित्सालय,
गैस राहत, भोपाल
जी - 14467/25 स्वच्छता ही सेवा है।

भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल
// आम सूचना //
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की एयरोसिटी योजना में स्थित भवन/भूखण्ड/प्रकोष्ठ क्रमांक 616 सेक्टर E रशीद उद्दीन सिद्दीकी आत्मज सिराज उद्दीन सिद्दीकी के नाम अंकित है। आवंटी श्री रशीद उद्दीन का स्वर्गवास दिनांक 20.11.19 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्री/श्रीमती जाहिदा सिद्दीकी पत्नी श्री रशीद उद्दीन सिद्दीकी (2) हबीब उद्दीन सिद्दीकी पुत्र श्री रशीद उद्दीन सिद्दीकी (3) फरीद उद्दीन सिद्दीकी पुत्र श्री रशीद उद्दीन सिद्दीकी एवं श्रीमती नाजिया सिद्दीकी पुत्री श्री रशीद उद्दीन सिद्दीकी द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयत एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा है। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

FORM NO. 14
[See Regulation
33(2)]By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Residency Road,
Near Head Post Office South Civil Lines, Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
CUM
NOTICE FOR DECLARATION OF ASSESTS ON AFFIDAVIT
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
OAEX/56/2023 25.03.2025
INDIAN BANK (ALLAHABAD BANK)
VERSUS
TATPAR OFFSET PRINTERS
To
1.**Tatpar Offset Printers, a Proprietary Firm, Through its Prop. Shri Deepak Rajput,** R/o. Plot No.23, M.P. Nagar Zone-1, Bhopal (M.P.)
2. **Shri Deepak Rajput S/o Shri R.S. Rajput,** R/o. B-12, Siddarth Homes, C-Sector, Kolar Road, Bhopal (M.P.)-462023
Whereas you the Certificate Debtor has failed to pay the sum of Rs. **15,83,155.00/-** alongwith pendentitlie and future interest **@ 13.25%** p.a sample from the date of filing of the Original Application and cost till the date of realization in full from in respect of Recovery Certificate drawnup by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal, Jabalpur.
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on orbefore the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **14-11-2025** at **10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this noticeof the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **25-03-2025**
Seal
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

## बिजनेस न्यूज

### उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो का शुभारंभ



**भोपाल।** उमंग सिल्क एक्सपो द्वारा प्रदर्शनी के विठ्ठल मार्केट, रविशंकर नगर दशहरा ग्राउंड में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन मंगलवार को राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रदर्शनी 13 जुलाई 2025 तक हर रोज सुबह 11 से रात्रि 9 तक चलेगी। इस सिल्क एक्सपो में साड़ी और सूट के 25000 से भी ज्यादा नए डिजाइन उपलब्ध है। जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के बेहतरीन कलेक्शन प्रस्तुत किए गए हैं। प्रदर्शनी के आयोजक आशीष गुप्ता ने कारीगरों को एक मंच प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। उमंग सिल्क एक्सपो अवसर पर समाज के लोगों को इस तरह के एक्सपो में भाग लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी के आयोजक आशीष गुप्ता को उनके कारीगरों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उमंग सिल्क एक्सपो का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है।

### मानसरोवर के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में योग ब्रेक



**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तीनों आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर योग ब्रेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में मंगलवार को मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन और फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा द्वारा वाय ब्रेक का आयोजन किया गया । 18 जून को पोस्टर कॉम्पीटीशन और 19 जून को योग पॉस्चर इनोवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेदिक महाविद्यालयों के संचालक डॉ. बाबूल ताम्रकार ने बताया कि मानसरोवर समूह के प्राध्यापकों सहित लगभग 278 छात्रों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला की रूपरेखा मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, डॉ. मनीषा राठी, डॉ. रचना जैन, डॉ. आकांक्षा पटवा एवं डॉ. मुकेश कुमार द्वारा तैयार की गई।

### जेएनसीटी यूनिवर्सिटी में पर्यावरण दिवस मनाया

**भोपाल।** करोंद स्थिति कॉलेज में इस अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत विषय पर समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के अनुदान से संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. निपुण सिलावट रहे( जिन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस प्रयास करने का प्रेरणा दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम चौकसे, चेयरपर्सन, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने की। उन्होंने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हरित पहल एवं नवाचारों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा नारा लेखन, निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मोहित पाण्ड्या एवं विभिन्न विभागों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, एवं छात्रगण की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बनाया।




### रवींद्रनाथ टैगोर विवि ने किया 1 हजार पौधों का वितरण




**भोपाल।** रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) नौसेना विंग ने गर्व के साथ अपने महत्वपूर्ण पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन ग्रीन 2.0₹ का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने पूरे भोपाल शहर में व्यापक पौधा वितरण अभियान चलाया। नीम, जामुन, अमरूद, गुलमोहर, अमलतास और पीपल सहित विविध देशी प्रजातियों के लगभग 1000 पौधे स्थानीय लोगों को सोच-समझकर वितरित किए गए।

### भाभा विवि में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा रिसर्च मेथेडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ दिवाकर सिंह डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट,क्राइस्ट कॉलेज सेमिनार के मुख्य वक्ता थे। डॉ.दिवाकर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शोध पद्धति पर पीपीटी के माध्यम से उपयोगी जानकारी प्रदान की। विशेषतः एमएड के विद्यार्थियों के लिए ये सेमिनार अत्यंत लाभदायक रहा। कार्यक्रम का संचालन संकाय की डॉ.लता मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.दिलीप कुमार डे, प्रति कुलपति डॉ.एनके अग्रवाल, सीएओ विजय कुमार पुंज, डायरेक्टर डॉ.दीपा बख्शी उपस्थित रहे।

### एमवे ने की न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट की शुरूआत



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य और सेहत क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के साथ अपनी पोषण श्रेणी उत्पादों में वृद्धि की है। प्लांट प्रोटीन-आधारित पूरक, एसरोला चेरी, हल्दी और लीकोरिस की प्राकृतिक ताकत के साथ वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया है। इस शक्तिशाली फॉर्मूलेशन में ऐसे पोषक तत्व हैं जो शरीर में ट्रिपल-एक्शन फॉर्मूला के साथ कार्य करते हैं प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना, सूजन को कम करना तथा आंत, त्वचा और प्रतिरक्षा स्वास्थ्य के लिए मजबूत एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा प्रदान करना। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहाकि चूंकि खराब पोषण देश के आधे से अधिक लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है ।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल
क्रमांक/पु.अ./ सिंग/रनि/निविदा/371/25 दिनांकः- 16/06/2025
ई-निविदा सूचना
"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार प्रशासकीय भवनो / स्थाई संपत्तियो/आवासीय भवनो का अनुरक्षण एवं लघुनिर्माण मद अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. से न्यूनतम दर पर कार्य कराने के लिए अनुबंध हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण | अनुमानित व्यय राशि | निविदा शुल्क | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासकीय भवनो / स्थाई संपत्तियो / आवासीय भवनो का अनुरक्षण एवं लघुनिर्माण मद अंतर्गत लोक कार्यो को कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. से न्यूनतम दर पर कार्य कराने के लिए अनुबंध | 70,00,000/- | 10,000/- | 2,10,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, सिंगरौली से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 17/06/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 17/06/2025 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 09/07/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 10/07/2025 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 24/06/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी - 14476/25 स्वच्छता ही सेवा
पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस भोपाल

## चिंतन

# धीरे-धीरे पाक की जुबां पर आ रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का दर्द

धीरे-धीरे ही सही, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ी मार का दर्द पाकिस्तान की जुबां पर आ रहा है। हालांकि शुरुआत में पाक ने भारत के हमले में एक खरोंच तक नहीं आने की बात कही थी। यहां तक कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पाक संसद में तरह-तरह की डींगें हांक रहे थे कि पाक सेना ने ये किया, वो किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आवाम की आंखों में धूल झोंकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद पर भी पदोन्नत कर दिया, लेकिन अब पाकिस्तानियों का दर्द बाहर आ रहा है। भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में माहिर रहे नजम सेठी ने ही टीवी पर सच कबूला है। नजम सेठी ने कहा है कि इजरायल ने ईरान पर उसी तरह से हमला किया है, जैसा हमला भारत ने पाकिस्तान पर किया था और जैसा ड्रोन हमला यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर किया था। नजम सेठी ने कहा कि ये जो सारा ड्रोन का चक्कर है ना, उस पर वेस्टर्न मिलिट्री एक्सपर्ट बहुत दिलचस्प बातें कर रहे हैं। इजरायल ने जो ड्रोन का इस्तेमाल किया है, उसका स्टाइल वही है, जैसा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। अब इजरायली सेना ने ईरान के अंदर से ड्रोन लॉन्च किए हैं, जिसमें डिफेंस सिस्टम को बेअसर कर दिया है, ये सारा एक ही पैटर्न है कि रडार को जाम कर दो, उसे अंधा कर दो और फिर बेअसर कर दो। ये वही नजम सेठी हैं जो हर दिन भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं, लेकिन अब कबूल कर रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भरतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया था, जिसके बाद पाक सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने की गुहार लगा रही थी। असल में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक्शन लिया था। इसका मकसद केवल और केवल आतंकवाद की कमर तोड़ना था, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत करते हुए भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इसे दो देशों के बीच संघर्ष में बदलने का प्रयास किया। इसके बाद पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर भारत का घातक हमला निर्णायक साबित हुआ। भारत ने सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीतिक रूप से पाकिस्तान की 20 प्रतिशत सैन्य क्षमता को तबाह करके कड़ा सबक सिखाया। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह स्वदेशी तकनीक से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर को अंजाम दे सकता और जीत सकता है। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नकारा बनाकर मनचाही जगहों पर सफलता के साथ हमले किए और प्रमुख रणनीतिक ठिकानों और संपत्तियों को तबाह कर दिया। संदेश साफ है कि हमारे पास पाकिस्तान को तबाह करने की सैन्य क्षमता और आधुनिक तकनीक है। अगर जरूरत पड़ेगी तो भारत इस क्षमता का इस्तेमाल करेगा। भारत ने पाक को अपनी ताकत का अहसास करवाने के बाद संघर्ष को एक तय सीमा पर सीमित करके समझदारी भी दिखाईं। भारत ने पाक को साफ संदेश दिया है कि उसे आतंकी हमलों की कीमत इस हद तक चुकानी होगी, जो उसके लिए वहनीय नहीं होगी। संदेश दुनिया के लिए भी है कि अब भारत आतंकी हमलों पर साक्ष्यों के साथ समझाने का प्रयास नहीं करेगा बल्कि खुद आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करेगा। इस ऑपरेशन से न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया ने देख लिया कि नया भारत अपने फैसले खुद करेगा।



आर्थिकी
डा. जयंतीलाल भंडारी

# अमेरिका संग व्यापार को मिलेगी ऊंचाई

> भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

इन दिनों भारत-अमेरिका उद्योग-कारोबार के संबंध में प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत और अमेरिका के बीच अतंरिम कारोबार समझौते के अंतिम दौर की वार्ता इसी माह जून तक पूर्ण किया जाना ट्रंप के बार-बार बदलते टैरिफ रुख के साथ-साथ दो अन्य कारणों से भी भारत के हित में है। कुछ दिनों पहले तक चीन पर भारी टैरिफ लगाने वाले ट्रंप ने अब अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध रोककर कारोबारी संबंधों को वापस पटरी पर लाने और दुर्लभ खनिजों पर चीन के निर्यात प्रतिबंधों को हटाने के लिए 11 जून को चीन के साथ करार किया है। इसके तहत जहां चीन अमेरिका को मैग्नेट और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करेगा, वहीं अमेरिका अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में चीनी छात्रों को पढ़ने की अनुमति देगा। इसी तरह अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। अतएव ऐसे परिदृश्य में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते से ट्रंप के व्यापार यूटर्न पर रोक लग सकेगी। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आंतरिक व्यापार समझौता इसी जून महीने में पूरा होते हुए दिखाई दे सकेगा। इस तरह के समझौते को पूर्ण होने में दो या तीन साल लग जाते थे।

विगत 29 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैनहटन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत के द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क सहित अन्य विभिन्न शुल्कों को अवैध ठहराए जाने के बीच अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। वस्तुतः इस समय भारत-अमेरिका कारोबार के बढ़ने के बारे में तीन बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत और अमेरिका के बीच 25 जून 2025 तक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा हो सकती है। दो, भारत सरकार अपनी सरकारी खरीद बाजार का एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जा रही है तथा इसमें अमेरिका की कंपनियां भी शामिल होंगी। भारत सरकार के खरीद अनुबंधों का केवल एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोला जाएगा। यह हिस्सा मुख्य रूप से केवल केंद्र सरकार की परियोजनाओं से जुड़ा होगा। तीन, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत लाभ का बाजार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा आईफोन निर्माता कंपनी एप्पल के सीईओ टिम कुक को अमेरिका में बिकने वाले आईफोन भारत में बनाए जाने पर अमेरिका में 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी चेतावनी के बाद भी एप्पल ने भारत में आईफोन विस्तार जारी रखने का संकेत दिया है।

गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हार्वर्ड लटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की वार्ता की प्रगति की



समीक्षा की और कहा कि पारस्परिक लाभ (रेसिप्रोकल) सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था को आकार दिए जाने की संभावना है। अमेरिका ने विगत 2 अप्रैल को भारतीय सामान पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, लेकिन इसे 9 जुलाई तक यानी कुल 90 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया था। ऐसे में 8 जुलाई के पहले अमेरिका के साथ किया जाने वाला अंतरिम व्यापारिक समझौता टैरिफ विवादों को सुलझाने और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस संभावित अंतरिम व्यापार समझौते के बारे में जो तस्वीर उभरकर दिखाई दे रही है, इसके तहत अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को शून्य करवाने के लिए भारत भी अमेरिका की कई वस्तुओं पर शुल्क में राहत दे सकता है। अमेरिका भारत के बाजार में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में आने की अनुमति देगा। डेयरी जैसे संवेदनशील उत्पादों को भी शुल्क समझौते में शामिल करने की उम्मीद नहीं है। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े जिससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनाल, कई औद्योगिक आइटम व कुछ खाद्य आइटम के शुल्क में छूट चाहता है। इसके साथ अमेरिका भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। पिछले दिनों अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी वाशिंगटन में एक बैठक में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने है, जिसके साथ अमेरिका का द्विपक्षीय-कारोबार समझौता (बीटीए) प्रारंभिक आकार लेने के करीब है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दिए। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की। दोनो देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। निश्चित रूप से ट्रंप के द्विपक्षीय व्यापार संबंधी कुछ अपरिपक्व बयानों के बाद भी अब इसी जून माह में अमेरिका के साथ शीघ्र ही भारत के अंतरिम व्यापार समझौते और फिर दिसंबर 2025 तक बीटीए से भारत अमेरिका कारोबार तेजी से बढ़ते हुए दिखाई देगा। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के नए आंकडों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुरारी गुप्ता




# भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्त्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है। यह युद्ध भारतीय मानस में यह विश्वास स्थापित करता है कि विदेशी साम्राज्य कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, यदि स्वदेश प्रेम और स्वाभिमान जीवित है, तो पराजय असंभव है। महाराणा प्रताप की जीत केवल एक युद्ध में नहीं थी, बल्कि यह उस विचारधारा की जीत थी, जो स्वतंत्रता, आत्मगौरव और धर्म की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करती है। आज आवश्यकता है कि हम वामपंथी नैरेटिव से बाहर निकलकर इतिहास के सत्य को स्वीकार करें और प्रताप के बलिदान को राष्ट्र के गौरव का प्रतीक मानें।

(लेखक उपन्यासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मौन रहना बहुत जरूरी, इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
दर्शन

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

# दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
प्रेरणा

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।

## श्रद्धांजलि



**अहमदाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और अहमदाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आज की पाती


### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - **मनीष**

## करंट अफेयर

# पुतिन और शी जिनपिंग बनेंगे इजरायल-ईरान जंग में शांतिदूत

इजरायल और ईरान की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बीते कुछ दिनों से राष्ट्रपति पुतिन ने कई वैश्विक नेताओं से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की है। पुतिन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। पेस्कोव ने कहा कि रूस जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार है ताकि मौजूदा स्थिति को सुलझाया जा सके और मिडिल ईस्ट में शांति बहाली की कोशिश की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विभाग मौजूदा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। हमने नेतन्याहू का बयान सुना और पढ़ा है। क्षेत्र में इस तरह की खतरनाक




स्थिति पैदा करने वाली गतिविधियों की हम पुरजोर निंदा करते हैं। वहीं, सिर्फ रूस ही नहीं चीन ने भी इजरायल और ईरान जंग में मध्यस्थता की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उन्होंने इजरायल और ईरान दोनों से बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का अनुरोध किया था। मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष को सुलझाने में चीन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा से राजनीतिक और डिप्लोमैटिक माध्यमों के जरिए ईरान के परमाणु मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है।

## ऑफ बीट

# सीतामढ़ी आश्रम, जहां रहीं सीताजी और लव-कुश ने लिया जन्म

सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक



आदर्श पत्नी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद में रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या में पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं।

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय



5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# दूसरे की जमीन पर क्यों बनाया 17,000 स्क्वायर फीट पर ढांचा

## दरगाह को लेकर बढ़ा विवाद तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के थाने की एक दरगाह को हटाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया है। कोर्ट ने 7 दिन तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। परदेशी बाबा ट्रस्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें दरगाह को हटाए जाने की अनुमति दी गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 23 साल से परदेशी बाबा ट्रस्ट और एक प्राइवेट कंपनी के बीच चल रहा है। यह कंपनी जमीन पर मालिकाना हक होने का दावा करती है। कंपनी का कहना है कि दरगाह के 160 स्कवायर फीट के क्षेत्र को बढ़ाकर 17,160 स्कवायर फीट तक फैला दिया गया और यह जमीन कंपनी की है। इस निर्माण के लिए थाने म्युनिसिपिल कॉर्पोरेशन की भी अनुमति नहीं लगी गई। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस बी वराले की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी।

**खास बातें**

- शीर्ष अदालत ने कहा कि 7 दिन तक यथास्थिति बनाए रखें
- परदेशी बाबा ट्रस्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की
- दवा कंपनी कर रही इस जमीन पर अपना दावा



### बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनधिकृत हिस्से को तोड़ने का दिया था निर्देश

*बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस निर्माण के खिलाफ दाखिल रिट पेटीशन पर सुनवाई करते हुए अनधिकृत हिस्से को तोड़ने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस तरह दरगाह के पास निर्माण करने के लिए परदेशी बाबा ट्रस्ट को फटकार लगाई और थाने म्युनिसिपिल कॉर्पोरेशन पर भी नाराजगी जताई कि उसने मामले से जुड़े हलफनामे में तथ्यों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी।*

### तथ्यों को लेकर स्पष्टता नहीं होने पर चिंता जताई

*सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रियागत अनियमितताओं और तथ्यों को लेकर स्पष्टता नहीं होने पर चिंता जताई। इस बात पर भी अस्पष्टता है कि क्या 10 मार्च के विध्वंस के आदेश का पूरी तरह से पालन किया गया। जस्टिस मेहता ने कहा कि मुकदमे के खारिज होने की बात का खुलासा न करना निराशाजनक है और अगर हाईकोर्ट को यह बात पता होती तो वह अलग निष्कर्ष पर पहुंच सकता था।*

**हासन को राहत और सरकार को दी मोहलत**

## कर्नाटक में रिलीज की जानी चाहिए फिल्म 'ठग लाइफ'



कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में रिलीज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि भीड़ और निगरानीकर्ताओं को सड़कों पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए'।

**जमानत याचिका खारिज**

## वाइफ स्वैपिंग, पत्नी संग सेक्स का ऑनलाइन ऑफर

*दिल्ली हाई कोर्ट ने एक ऐसे शख्स को जमानत देने से इनकार किया है जिस पर पत्नी को 'पार्टनर स्वैपिंग' के लिए मजबूर करने का आरोप है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी की तस्वीर*



*लगा उसके साथ सेक्स का ऑफर दिए जाने का भी आरोप है। अदालत ने यह कहते हुए आरोपी को जमानत नहीं दी कि यह 'सामान्य वैवाहिक विवाद के आरोपों' का केस नहीं है।स्टिस गिरीश कथपालिया जिस शख्स की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे उस पर रेप, गैंगरेप, शारीरिक शोषण, क्रूरता और आपराधिक धोखाधड़ी जैसे आरोप हैं। 9 जून को दिए आदेश में अदालत ने कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप रूढ़िवादी वैवाहिक विवाद के नहीं हैं।*

**खबर संक्षेप**

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने पेश नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार



संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें 10 को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था।

### दवा कंपनी की इकाई में विस्फोट में व्यक्ति की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले में मंगलवार को एक दवा कंपनी की इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत



हो गई और छह अन्य घायल हो गए। भीलगांव में 'अंकित पल्प्स एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड' की इकाई के 'ग्लास-लाइन्ड रिएक्टर' में विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह करीब 11 बजे हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### एक साथ उठी 4 भाइयों की अर्थी, गांव गमगीन

**पाली।** तेलंगाना के बसारा में गोदावरी नदी में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने राजस्थान के



पाली और नागौर को कभी नहीं भूल सकने वाला गम दिया है। राजस्थान के पाली जिले के तीन सगे भाई, उनका एक मौसेरा भाई और नागौर का एक युवक नदी में डूब गए।मंगलवार को ढाबर गांव में जब 4 भाइयों की एक साथ चिताएं जलीं, तो हर आंख नम थी।

### चर्च सहायक ने 3 लड़कों का किया यौन उत्पीड़न

**चेन्नई।** यहां के अंबत्तूर इलाके में एक चर्च के फादर के सहायक पर 3 नाबालिग लड़कों के साथ यौन



उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी येसुदास को खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार भी कर लिया है।

## 2027 की जनगणना पर विपक्ष के वार पर भाजपा ने साधा निशाना

# कांग्रेस का लक्ष्य हो रहा विफल, वह हताशा में 'झूठा' प्रचार, भ्रम व अफवाह फैला रही

### विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज में गुनराह करना और सत्ता लोलुपता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है। कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को 'निरर्थक' करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहती है।

साथ ही, कांग्रेस ने पूछा कि क्या यह सरकार का एक और यू-टर्न है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है। गृह मंत्रालय ने बाद में जोर देकर कहा कि जनगणना में जाति गणना शामिल की जाएगी। झूठे दावों के साथ लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछेकृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है।

**कांग्रेस मिथ्या बातें, छल और झूठ पर उतारू**



### कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की, कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट रोकी

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जाति के नाम पर वोट बैंक की राजनीति की है। पार्टी ने 1951 में जाति जनगणना रोकने का फैसला किया और काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट को जारी नहीं होने दिया। 'सबका साथ, सबका विश्वास' मंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार जाति गणना के साथ जनगणना कराना चाहती है ताकि सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों के लिए सम्मान और सबसे पिछड़ी जातियों का उत्थान" सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत कांग्रेस और भाजपा के नेता जाति के आधार पर समाज में विभाजन पैदा करके केवल अपने परिवारों का उत्थान चाहते हैं।

उन्होंने मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना भी कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं।

### पायलट ने जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाने को कहा

*कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने अधिसूचना में 'जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने' पर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति*



*जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को 'भ्रम की स्थिति'पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। केंद्र सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की।*

#### राहुल ने भी जातिगत गणना की मांग की थी

पायलट ने कि कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि अलग-अलग वर्ग के लोग किन स्थितियों में रह रहे हैं, सरकार की योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं या नहीं? देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है?

#### मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' बताया था

उन्होंने दावा किया कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने अतीत में कई बार कहा कि जातिगत गणना की मांग उठाने वाले लोग 'अर्बन नक्सल' हैं तथा सरकार जातिगत गणना कराने के पक्ष में नहीं है। पायलट ने कहा कि भारी विरोध के बाद सरकार ने अचानक उनकी पार्टी की मांग को मानते हुए जातिगत गणना कराने का फैसला किया। उन्होंने आरोप लगाया अब एक बार फिर से जातिगत गणना कराने की बात से पीछे हटने को लेकर हमें सरकार की नीयत पर शक है।

**हमीरपुर में डॉ. भागवत का संबोधन**

## हिंदू समाज और देश को एकजुट रखने परस्पर मतभेदों को भुलाएं



एजेंसी ⏭ हमीरपुर

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए 4 दिवसीय यात्रा पर हैं। हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। तीस मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

### भारतीय समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया

उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। वर्ग कार्यवाह डा. प्रताप सिंह ने कहा कि कि सर संघचालक डा. मोहन भागवत उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम के चार दिन रहेंगे। इस दौरान वे वर्ग में आए स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

#### 19 को होगा वर्ग का समापन

कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में हिमाचल के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों के स्वयंसेवक प्रशिक्षण के लिए आए हैं। अभी तक प्रशिक्षण वर्ग में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल व अरुण कुमार, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर सिंह सहित डॉ. कुलदीप चद अग्निहोत्री, डॉ. रजनीश अरोड़ा के बौद्धिक सत्र हो चुके हैं। वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। वर्ग का समापन कार्यक्रम 19 जून होगा, जिसमें समाज के गण मान्य बन्धु भगिनी कार्यक्रम दर्शन के लिए आएंगे।

**डॉक्टरों ने किया कमाल**

## 30 मिनट में निकाली 8 सेमी लंबी स्पून, दूसरे दिन दी छुट्टी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शालीमार बाग स्थित निजी अस्पताल में एक 30-वर्षीय पुरुष की दुर्लभ और असामान्य मेडिकल इमरजेंसी की गई। डॉ. रमेश गर्ग, सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के डॉक्टरों की टीम ने गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी प्रक्रिया को 30 मिनट में किया गया और मरीज को अगले ही दिन स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दी गई। उनके पेट के एक्स-रे समेत तत्काल डायग्नॉस्टिक इमेजिंग की गई, जिससे पता चला कि उनकी आंत के ऊपरी हिस्से में एक धातु का चम्मच फंसा हुआ था। मरीज की एनेस्थीसिया में तत्काल इमरजेंसी



अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी की गई। सर्जिकल टीम ने फोरसेप की मदद से सावधानीपूर्वक मरीज के पेट से चम्मच निकाला। इस सर्जरी के बाद उन्हें 24 घंटे तक निगरानी में रखा गया। वे पूरी तरह स्थिर थे और उन्हें बिना किसी जटिलता के हेल्दी कंडीशन में डिस्चार्ज किया गया।

**रेलवे बोर्ड राजभाषा की बैठक**

## रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल – क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में



हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है। राजभाषा के प्रयोग संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनवरत प्रयास करते रहने की सलाह दी।

## कृषि से लेकर प्रौद्योगिकी, पर्यटन तक पूर्वोत्तर भारत के विकास को गति देगा

### डॉ. सिंह ने पूर्वोत्तर की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को वोखा जिले में नागालैंड सरकार के प्रमुख विभागों के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रचालित सभी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान डॉ. सिंह ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण के प्रति सरकार के मजबूत रूझान से प्रेरित एक सक्षम इकोसिस्टम के कारण क्षेत्र में हाल ही में अर्जित उपलब्धियों पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिक प्रगति को केंद्रीय क्षेत्रों तक ही सीमित न रखने बल्कि बाह्य और दूरदराज के क्षेत्रों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों जहां अपार अप्रयुक्त क्षमता है, में सक्रिय रूप से विस्तारित करने के महत्व को दोहराया। केन्द्रीय मंत्री ने



क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता रेखांकित की और पर्यटन तथा फिल्म निर्माण के साथ-साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की सतत विकास के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचान की। वोखा जिले की प्रशंसा करते हुए उन्होंने केले की खेती के साथ वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत इसकी सफलता का उल्लेख किया, जिसने क्षेत्र को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा, इस मॉडल को बड़े व्यावसायिक स्तर पर बढ़ाया जा सकता है।

## खास अहसास... 'नमो भारत' एसी पैसेंजर सहित 150 अन्य पैसेंजर ट्रेनें आएंगी पटरी पर

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। रेलमंत्री ने कहा, समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है।

### 1,300 अमृत भारत स्टेशन बनाए जाएंगे



रेलमंत्री ने बताया कि अब तक 1300 अमृत भारत स्टेशन का काम स्वीकृत किया गया है। इनमें से 103 स्टेशन हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं।। दिसंबर 2025 तक 100 और स्टेशन तथा वर्ष 2026 तक 500 और स्टेशन पूरे किए जाएंगे। अब तत्काल टिकट बुकिंग में बॉट्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए 1 जुलाई से केवल केवाईसी सत्यापित यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी।

**हरियाणा में अब तक रेल परियोजनाएं:**

- 823 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं—यह यूएई की कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
- 100 फीसदी रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण
- 34 स्टेशन: अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे हैं।
- 540 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा चुके हैं।
- सोनीपत के रेलवे कारखाने का "आधुनिकीकरण" किया जा रहा है।
- 11 हजार 800 करोड़ रुपए का निवेश रेलवे की ओर से हरियाणा में

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवक कांग्रेस का 'महारोजगार मेला' तालकटोरा में जुटेंगे 19 को

**कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु ने दी जानकारी, इसे नायाब बताया**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल 'महारोजगार मेला' आयोजित करने की घोषणा की है। बिना सत्ता के युवक कांग्रेस का ये प्रयास पहला और नायाब माना जा रहा है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक याज्ञवल्क्य श्रीकांत जिचकार, दिल्ली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा और दिल्ली युवा कांग्रेस की प्रभारी खुशबू शर्मा ने इस रोजगार मेले का पोस्टर भी जारी किया।

### भाजपा पर साधा निशाना




युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया गया था, लेकिन खुद सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में पिछले 40-50 सालों में बेरोजगारी अब सबसे अधिक है। बेरोजगारी के मुद्दे को सबसे अधिक प्रमुखता से राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक लगातार उठाया है और वे भारत के बेरोजगार युवाओं की मुखर आवाज बने हैं।

### वार्ड से विधानसभा तक हो रहा पंजीकरण

*अक्षय लाकड़ा ने बताया कि इस रोजगार मेले के लिए व्यापक स्तर पर आउटरीच प्रोग्राम चलाए गए हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हर वार्ड, ब्लॉक, जिला और विधानसभा क्षेत्र तक जाकर पंजीकरण कर रहे हैं। उन्होंने एक वीडियो भी दिखाया, जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया को समझाया गया था।*

### 100 से ज्यादा कंपनियां, 20 हजार से ज्यादा रहेंगे युवा

उदय भानु चिब ने बताया कि 19 को राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर युवा कांग्रेस ने रोजगार मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस की क्षमता के अनुसार 100 से ज्यादा कंपनियों को बुलाया गया है, जो युवाओं का साक्षात्कार लेकर नौकरियां देंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्षों से बेरोजगार दिल्ली के हजारों युवा इस रोजगार मेले से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20 हजार से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण हो चुके हैं।

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी फ्रांस रवाना

- भारत-फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग होगा मजबूत
- दोनों देशों के बीच अंतर संचालन क्षमता बढ़ेगी
- दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा
- नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण मिल सकेगा




*यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल हैं*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति के 8वें संस्करण में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुई। यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय दल में मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के अलावा अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मियों का प्रतिनिधित्व भी है। वहीं, 90 कर्मियों वाले फ्रांसीसी दल का प्रतिनिधित्व 13 वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 वीं डीबीएलई) के कर्मी करेंगे।

## दोनों देश रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया साझा करेंगे

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए सामरिक अभ्यासों का पूर्वाभ्यास और परिशोधन करने, रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के अलावा सैन्य प्रौद्योगिकियों सहित नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह दोनों सेनाओं के बीच शारीरिक सहनशक्ति, टीम भावना, आपसी सम्मान और पेशेवर सौहार्द को भी बढ़ावा देगा। 'शक्ति' का यह संस्करण भारत और फ्रांस के बीच सैन्य-से-सैन्य संबंध और परिचालन समन्वय को गहरा करता है, जो उनकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ संरेखित है।*

### दोनों देशों के बीच द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव

रक्षा मंत्रालय के अनुसार शक्ति अभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव है। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। यह अभ्यास भारत और फ्रांस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को उजागर करेगा। द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'शक्ति', संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत उप-पारंपरिक वातावरण में संयुक्त संचालन पर केंद्रित है, जिसमें अर्ध-शहरी इलाकों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### प्रो. चंद्रकासन एमआईटी के नए 'प्रोवोस्ट' नियुक्त



**न्यूयार्क।** अमेरिका के प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने प्रो. अनंथा चंद्रकासन को अपना नया 'प्रोवोस्ट' नियुक्त किया है। वह इस पद को संभालने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। चेन्नई में जन्मे प्रो. चंद्रकासन इस समय एमआईटी के 'चीफ इनोवेशन एंड स्ट्रैटेजी ऑफिसर' और 'डीन ऑफ इंजीनियरिंग' हैं। वह एक जुलाई से नया कार्यभार संभालेंगे। एमआईटी अध्यक्ष सैली कॉर्नब्लुथ ने बताया कि चंद्रकासन को उत्कृष्ट आंतरिक उम्मीदवारों के एक समूह में से चुना गया है।

### वॉट्सएप पर कुछ हिस्सों में अब दिखाई देंगे विज्ञापन



**कैलिफोर्निया।** लोकप्रिय मैसेजिंग एप वॉट्सएप ने कहा कि अब उपयोगकर्ताओं को एप के कुछ हिस्सों में विज्ञापन दिखाई देंगे। ये विज्ञापन एप के 'अपडेट टैब' में ही दिखाई देंगे, जिसे हर दिन 1.5 अरब लोग इस्तेमाल करते हैं। विज्ञापन व्यक्तिगत चैट में दिखाई नहीं देंगे। वॉट्सएप के मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इस मैसेजिंग सेवा का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों का इस्तेमाल करके कमाई का एक नया स्रोत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि संदेश भेजने के अनुभव में बदलाव नहीं होगा।

### ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए और 30 जून तक आयोजित होंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। 20 जून को मुख्य कार्यक्रम में पद्म भूषण डॉ. डेविड फ्रॉली (पंडित वामदेव शास्त्री) रहेंगे।

### विमान हादसाः तीसरी मंजिल से कूदे छात्र



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण चपेट में आए मेडिकल हॉस्टल से छात्रों के कूदने का डरावना वीडियो सामने आया है। इन वीडियो में छात्र हॉस्टल की तीसरी मंजिल से चादर और बालकनी में लगी लोहे की जाली से कूद रहे हैं। बता दें, 12 जून को हुए इस हादसे के दौरान विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई। वहीं मेडिकल हॉस्टल पर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हॉस्टल और आसपास मौजूद तकरीबन 30 लोग भी इस हादसे के शिकार हुए हैं।

दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी पकड़े गए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की फॉरेनर्स सेल की टीम ने अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए लोगों में कुल 19 वयस्क और 17 बच्चे शामिल हैं। पुलिस को यह सफलता भारत नगर थाना इलाके के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी में खुफिया जानकारी और सतत निगरानी के आधार पर अंजाम दी गई कार्रवाई में मिली। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 13 बांग्लादेशी पहचान-पत्र और प्रतिबंधित आईएमओ एप इनस्टॉल किए हुए 07 मोबाइल फोन भी बरामद हुए। डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि यह अभियान राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चल रही व्यापक कार्रवाई का हिस्सा है। जिले की फॉरेनर्स सेल की टीम को भारत नगर इलाके के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे कुछ विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी।

### 25 फुटपाथों और 32 गलियों की ली तलाशी

टीम ने 13 जून को वज़ीरपुर जेजे क्लस्टर में गहन तलाशी अभियान के दौरान लगभग 25 फुटपाथों और 32 गलियों में तलाशी ली। जांच के दौरान एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया। शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन वह कमायाब नहीं हो पाया। सख्त पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और भारत में अवैध रूप से रह रहा है। उसकी निशानदेही पर एक-एक करके अन्य संदिग्धों की पहचान की गई और उन्हें भी पकड़ लिया गया। सभी बांग्लादेशी नागरिक फॉरेनर्स एक्ट का उल्लंघन करते हुए बिना वैध वीजा या ट्रैवल डॉक्यूमेंट के भारत में रह रहे थे।

### हरियाणा के मेवात से भाग कर आए थे

पुलिस पूछताछ में यह सामने आया कि ये लोग पहले हरियाणा के मेवात जिले में एक ईंट भट्ठे में काम करते थे, लेकिन हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के डर से वहां से फरार हो गए। तब से ये लगातार स्थान बदलते हुए दिल्ली के विभिन्न फुटपाथों पर रह रहे थे और हाल ही में स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने के लिए किराए पर अपने ठिकाने की तलाश में थे। पकड़े गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजे जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जी7 देश के नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया, कहा

# ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत परमाणु हथियार बनाने की नहीं देंगे मंजूरी

*जी7 देश के नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। जी7 ने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है*

एजेंसी ⏭ ओटावा

इजराइल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है। इस तनाव के बीच मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। इसके साथ ही इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है। शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में,जी7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

बयान में कहा गया है कि हम जी7 के नेता, मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत है। हमारा स्पष्ट मत है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। इसके साथ हम ये भी आग्रह करते हैं कि ईरानी संकट का समाधान हो जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव कम हो। हम गाजा में भी युद्धविराम चाहते हैं। बयान में बढ़ते तनाव के बीच उर्जा बाजार की स्थिरता को बनाए रखने के लिए जी7 की कार्रवाई करने की तत्परता को भी रेखांकित किया गया है।

### खास बातें

- जी7 ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता का किया समर्थन
- गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की अपील भी की



### ईरान समझौता करे तो टल सकता है संकटः ट्रंप

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना होने से पहले सोमवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ एक संदेश में लिखा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। ट्रंप ने दोहराया है कि अगर ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर सहमत होता है, तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था।

### 20 देशों की संघर्षविराम की अपील

*20 देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और ईरान-इजराइल में संघर्षविराम की अपील की है। जिन देशों ने यह अपील की है, उनमें अल्जीरिया, बहरीन, ब्रुनेई, चाड, कोमोरोस, जिबूती, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लीबिया और मौरीटानिया ने सैन्य तरीके से विवाद का हल ढूंढने को खारिज कर दिया।*

### मोसाद हेडक्वार्टर पर किया मिसाइल अटैक

ईरान ने इस बार इजराइली खुफिया एजेंसियों अमान और मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाया। रिपोर्ट में दावा किया गया है रविवार की आधी रात स्थानीय समयानुसार के करीब शुरू हुए पहले हमले के बाद जब एक फॉल्स अलार्म ने इजराइली इलाकों में घबराहट फैलाई तब सोमवार की सुबह ईरान ने एक दूसरी मिसाइल वेव लॉन्च की रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला सीधे इजराइल द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्रों पर केंद्रित था।

### अगली जी7 समिट फ्रांस में होगी

*अगली जी7 समिट फ्रांस में होगा। उधर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को कनानास्किस में जी7 नेताओं (तथा अन्य वैश्विक मेहमानों) की मेजबानी करने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले हुई बैठक में यूरोपीय कांउसिल अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, जापान के पीएम शिगेरु इशिबा, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, यूएसए के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन उपस्थित रहीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की जी7 समिट में पहुंचे।*

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदली

## अब फाइटर जेट से नहीं लंबी दूरी के ड्रोन से करेगा हमला

एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदल दी है। रूस अब यूक्रेन पर हमला करने के लिए फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं करेगा।

इसके लिए रूस हर महीने 2700 शाहेद ड्रोन बना रहा है। यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (एचयूआर) का कहना है कि मई 2025 तक रूस प्रतिमाह लगभग 5000 लंबी दूरी के ड्रोन का उत्पादन कर रहा है, जिनमें से आधे (लगभग 2700) शाहेद-136 हमलावर ड्रोन हैं और बाकी नकली ड्रोन हैं जो हवाई रक्षा प्रणालियों को भटकाने और टोही के लिए उपयोग किए जाते हैं।



### हवाई चकमा देने में सक्षम


रूस ने इन हमलों में नकली ड्रोनों का भी उपयोग शुरू किया है, जो सस्ते सामग्रियों से बने होते हैं और यूक्रेन की हवाई रक्षा को चकमा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। रूस के तातारस्तान क्षेत्र में येलबुगा शहर के अलाबुगा विशेष आर्थिक क्षेत्र में शाहेद ड्रोन का उत्पादन होता है।

### शाहेद ड्रोन की खासियत

*इसमें डेल्टा-विंग यानि तीन पंखे लगे होते हैं। यह एकल-उपयोगी ड्रोन है, जो आत्मघाती हमले के लिए बनाया गया है। इसकी लंबाई लगभग 3.5 मीटर, पंखों का फैलाव 2.5 मीटर है। यह 200-250 किलोग्राम वजन उठाने में सक्षम है, जिसमें 40-50 किलोग्राम का विस्फोटक वारहेड शामिल है। इसे बनाने में सस्ती सामग्री जैसे फाइबरग्लास और प्लाईवुड का उपयोग किया जाता है। जिसके चलते रडार इसे आसानी से ट्रैस नहीं कर पाता।*

चरमपंथी तत्वों की आवाजाही पर रोक

## असम के कछार में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए



एजेंसी ⏭ सिलचर

चरमपंथी तत्वों की संभावित आवाजाही को विफल करने और वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए असम के कछार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर मंगलवार को कड़े प्रतिबंध लगाए गए। जिला आयुक्त मृदुल यादव ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाए हैं। सीमा से सटे क्षेत्रों के रास्ते वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए जारी किया गया है। तत्काल प्रभाव से लागू होने वाले इस आदेश में जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के साथ एक किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पांच किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच चीनी, चावल, गेहूं, खाद्य तेल, मिट्टी के तेल और नमक सहित प्रमुख आवश्यक वस्तुओं के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई गई है।

पाक सेना प्रमुख का गालियों से हुआ स्वागत




## यूएस में प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर की हूटिंग

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को कुछ प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर उनकी हूटिंग की। प्रदर्शनकारियों ने वाशिंगटन के एक होटल में पहुंचने पर मुनीर के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया और उनसे पाकिस्तान को मुक्त करने के नारे लगाए। दरअसल कुछ पाकिस्तान लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में मुनीर के काफिले को वाशिंगटन के फोर सीज़न होटल में पहुंचते हुए दिखाया गया है। वीडियो में प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप असीम मुनीर को घेरने की कोशिश करने लगता है।

### मुनीर, पाकिस्तान को फ्री करो

*जैसे ही मुनीर होटल के बाहर पहुंचे, प्रदर्शनकारियों ने मुनीर की हूटिंग शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों में से एक ने चिल्ला कर कहा कि शर्म करो, हमें तुम पर शर्म आती है, मुनीर तुम पाकिस्तान को फ्री करो। पाकिस्तान में लोगों की सरकार होना चाहिए। जब एक अधिकारी उसे रोकने आया, तो प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह सार्वजनिक संपत्ति पर खड़ा है। उसने आगे कहा कि मेरे पास बोलने की आजादी है। गीदड़, गीदड़, गीदड़। शर्म, शर्म, शर्म, शर्म।*

### हम मुनीर का शिकार करने आए हैं

लोगों ने कहा कि हम असीम मुनीर का शिकार करने के लिए यहां हैं। यह वाशिंगटन का फोर सीज़न होटल है। हम उन्हें बता रहे हैं कि उन्होंने पाकिस्तान के साथ क्या किया है। वीडियो में 'सामूहिक हत्यारा' संदेश वाली स्क्रीन भी दिखाई गई। यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान से आए किसी अधिकारी या नेता को इस तरह की घनघोर बेइज्जती का सामना करना पड़ा हो।

असम में ओएनजीसी के कुए में गैस रिसाव का मामला

## स्थानीय निवासियों को सुरक्षित निकाला, राहत और सहायता जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए असम में ओएनजीसी की कुएं नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की और अपडेट लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुए में उच्च दबाव के कारण पिछले चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी है। स्थानीय निवासियों को पहले दिन ही तुरंत निकाल लिया गया था और उन्हें सभी तरह की राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। ओएनजीसी के अन्य कार्य केंद्रों से सक्षम कर्मियों को लाया गया है और आग पर काबू पाने के लिए उच्च क्षमता वाले फायर पंप, फ्रैक पंप, मड आदि सभी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कुआ नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की | उच्च दबाव के कारण कुए में चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी



### जल्द नियंत्रण का प्रयास

कंपनी ने कहा कि भूवैज्ञानिक चुनौतियां तेल और गैस संचालन में अंतर्निहित होती हैं। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी के रूप में ओएनजीसी कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करती है। ओएनजीसी गैस रिसाव को जल्द से जल्द पूरी तरह से नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का इस्तेमाल कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का भी इस्तेमाल किया जा रहा है और ओएनजीसी के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय विदेशी विशेषज्ञों के साथ लगातार संपर्क में हैं। आग को रोकने और शीतलन प्रभाव के लिए लगातार पानी की व्यवस्था की जा रही है। ओएनजीसी ने कुआ आरडीएस147 में गैस रिसाव को रोकने के लिए अपनी सबसे अनुभवी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी) को तैनात किया है।

### प्रभावितों के स्वास्थ्य की चिंता की

ओएनजीसी ने घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने का काम किया। साथ ही लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक दैनिक आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ओएनजीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने इमरजेंसी रिस्पॉन्स के तहत डॉक्टरों और आवश्यक दवाओं से लैस चौबीसों घंटे निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्थापित किए हैं।

# कलेक्टर, एडीएम तक नहीं पहुंचेंगे आवेदक, विभाग के जिम्मेदार सीधे सुनेंगे शिकायत, पहले दिन ही पीड़ित निराश होकर लौटे

कलेक्टोरेट की जनसुनवाई की व्यवस्था में किया बदलाव, अव्यवस्था से परेशान हुए पीड़ित

**मंगलवार को 146 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खास बातें**

- अफसरों को बैठने तक की नहीं मिली जगह
- आवेदक ने टोकन लिया, टीम ने उसे फारवर्ड किया




कलेक्टोरेट में कलेक्टर, एडीएम और डिप्टी कलेक्टर सहित बड़े अफसरों से अपनी शिकायतों पर कार्रवाई होने की उम्मीद से आने वाले आम लोग अब जनसुनवाई में इन अफसरों से सीधे अपनी शिकायत नहीं सुना सकेंगे। इन अफसरों के पास वही शिकायतकर्ता पहुंचेंगे, जिनकी शिकायत का निराकरण विभाग नहीं कर रहा है।

मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई की व्यवस्था में बदलाव किया गया, जिसके तहत पुराने लोकसेवा केंद्र के अंदर विभागों के जिम्मेदार अफसरों को बैठाया गया, इसके साथ अन्य विभागों के अफसरों के लिए अंदर के गेट के पास टेबल कुर्सी लगाई गई। ऐसे में आवेदक ने पहले टोकन लिया। उसके बाद आरआई की टीम ने उसे संबंधित अधिकारी के यहां फारवर्ड किया, तब जाकर संबंधित विभाग के अफसर के पास आवेदक पहुंचा। बैठक व्यवस्था ठीक नहीं होने की वजह से इन अफसरों ने भी आवेदन लेकर सूचना देने की बात कही। ऐसे में पीड़ितों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जनसुनवाई में आने वाले पीड़ितों को देखते हुए उनकी जल्द सुनवाई हो, इसके लिए विभाग वाइज काउंटर लगाने की हिदायत दी थी, लेकिन अफसरों ने विभाग स्तरीय काउंटरों को व्यवस्थित तरीके से नहीं लगाया। ऐसे में लोगों को आसानी की जगह परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को 146 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए। जिनके निराकरण के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। अपर कलेक्टर प्रकाश नायक का कहना है कि जनसुनवाई की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यहां आने वाले सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया है। इनका निराकरण टाइम लिमिट में किया जाएगा।

## सरपंच ने पति की जाति पर जीता चुनाव, पंचों ने रखा अविश्वास प्रस्ताव

बैरसिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूनाहा सरपंच द्रोपती लोधी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत की गई है, जिसमें आरोप लगाया कि सरपंच ओबीसी वर्ग से है, जबकि उन्होंने एससी सीट पर चुनाव लड़ा। इसे लेकर ग्राम पंचायत के 18 पंच अविश्वास प्रस्ताव भी ले आए। इस मामले में सीईओ इला तिवारी ने जांच के आदेश भी दिए हैं। शिकायत में बताया कि सरपंच ने एससी वर्ग के व्यक्ति से विवाह किया। पति के सरनेम का सहारा लेकर एससी वर्ग के लिए आरक्षित पंचायत से चुनाव जीतकर सरपंच बन गईं, जबकि उसके पिता ओबीसी वर्ग से हैं और उनके पास इसी वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र है।

**पानी संकट से नहीं मिली निजातः** वसुधैव कुटुंबकम एलआइजी एमआइजी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के संरक्षक अशोक खरे ने बताया कि 10 जून को जनसुनवाई में पेयजल संकट सहित अन्य समस्याओं की शिकायत की थी। तब कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारी रवि गोयल को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए थे। अधिकारी मल्टी में आए जरूर थे, लेकिन निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर चले गए।

### किसान की भूमि पर किया कब्जा

खजूरी कलां निवासी किसान मिश्रीलाल राजपूत ने बताया कि पड़ोसी किसान व ढाबा संचालक तीरथ शर्मा ने राजस्व निरीक्षक अतुल दुबे को 20 लाख रुपए देकर मेरी जमीन स्वयं के हिस्से मे निकलवा ली है। अब तीरथ शर्मा द्वारा मेरी निजी भूमि पर अवैध कब्जा किया है।

**सचिव ने बाहरी लोगों को बेचे पंचायत के प्लॉटः** ग्राम पंचायत रूनाहा की महिला सरपंच द्रोपदी बाई ने शिकायत की है कि सचिव जीतेंद्र श्रीवास्तव ने फर्जीवाड़ा कर 40 दुकान और 200 प्लॉट बिना बताए बेच दिए गए हैं। विरोध करने पर वह एक लाख रुपए देने और चुप बैठने की धमकी दे रहा है।

---

**खबर संक्षेप**



### पाइपलाइन डालने के लिए खोदी सड़क

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 पोस्ट ऑफिस की गली में पाइपलाइन डालने के लिए नई बनी कंक्रीट सड़क को खोद दिया। कंक्रीट सड़क के बीचो-बीच से खोदने के कारण रहवासियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंजीनियर मुकेश जैन को जब रहवासियों ने बताया तो उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए की खोदी सड़क का मलवा एक तरफ करो। पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने भी वार्ड वासियों की मांग पर खोदी गई सड़क की मरम्मत की मांग की है। राजेश दीक्षित, मीना जैन, पूर्व पार्षद मोंटी ठाकुर, आशीष दीक्षित, सरदार मंजीत सिंह ने कहा खोदी गई सड़क की शीघ्र मरम्मत की जाए।

### ट्रेन से टकराकर बेकरी संचालक की मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में बावड़िया ब्रिज रेलवे ट्रैक के पास एक बेकरी संचालक की लाश मिली। बताया जा रहा है कि वह ट्रैक पार कर रहे थे उस समय ट्रेन से टकराने पर मौत हो गई है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। पुलिस के मुताबिक दीपक नायर पिता भैयालाल बेकरी निवासी बावड़िया कलॉ बेकरी का काम करते थे। सोमवार अल सुबह रेलवे ट्रैक किनारे उनका शव मिली।

### नकली गुटखा बनाने वाला गिरफ्तार, मामला दर्ज

**भोपाल।** शाहजहांनबाद इलाके में पुलिस ने नकली गुटखा बनाने वाली एक दुकान पर छापा मारा। इस मामले में एक आरोपी को पकड़ लिया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है। आरोपियों पर धोखाधड़ी और कॉपीराइट के उल्लघंन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक नागपुर की नंबर वन मीठी सुपारी के मैनेजर मुरली कुकरेजा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ब्रांड का उपयोग कर नकली पाउच बनाए जा रहे है। इसी आधार पर पुलिस ने दबिश दी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी हिमांशु वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरा आरोपी रामकिशन फरार है। पुलिस ने दुकान को भी सील कर दिया है।

### स्वं सुरक्षा एवं संस्कार शिविर का समापन

**संतनगर।** मानव समाज सेवी संस्था श्री मां आशापुरा दरबार द्वारा संस्थापिका गीता माता के सानिध्य में पांच दिवसीय स्वं सुरक्षा एवं संस्कार शिविर का भक्ति शर्मा की उपस्थिति में समापन सम्पन्न हुआ। कोहेफिजा स्थित आशापुरा दरबार में आयोजित शिविर के समापन पर गीता माता के साथ भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3861 | | |
| दिनः | 220 | 42 | 138 |
| रातः | 238 | 31 | 380 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 166 | 34 | 770 |
| रातः | 800 | 86 | 178 |

---

दो सगे भाइयों सहित तीन को बनाया अपना शिकार, आरोपी गिरफ्तार

# बीएचईएल में नौकरी लगवाने के लिए जालसाज ने साढ़े चार लाख रुपए ऐंठे

**पुलिस ने आरोपी को जिला अदालत में पेश किया, वहां से जेल भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मिसरोद इलाके में बीएचईएल में एचआर मैनेजर की नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाज ने दो भाइयो सहित तीन युवकों से साढ़े चार लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को आरोपी को जिला अदालत में पेश किया गया, अदालत के निर्देश पर उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय अभिषेक परौहा निवासी साउथ टीटी नगर की विगत फरवरी माह में रेवांचल एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे इस दौरान उनकी पहचान मनोज मिश्रा नाम के युवक से हुई। मनोज ने बताया कि वह जॉब कंसलटेंसी का काम काम करता है। अभी बीएचईएल में एचआर मैनेजर की वेंकेसी निकली है। इस दौरान अभिषेक ने उसका नंबर ले लिया। इसके बाद मार्च में होशंगाबाद रोड स्थित एक कॉफी हाउस में मनोज ने बातचीत के लिए बुलाया और कहा कि आपके साथ और भी किसी को जॉब की जरूरत है तो लेते आना। इसके बाद अभिषेक अपने छोटे भाई शुभम और दोस्त अभिषेक चौहान को लेकर पहुंचा। इस दौरान उसने बताया कि जॉब के लिए एडवांस में ढाई लाख देने होंगे। तीनों की जॉब लगवा दूंगा। तीनों ने मिलकर मनोज को 2 लाख 30 हजार नगद दे दिए। इसके बाद फोन पे के माध्यम से सवा दो लाख उसके एकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

**पैसे ट्रांसफर होने के बाद किया टाल-मटोल**

जब फरियादी भाइयों और उसके दोस्त ने पूरा पैसा ट्रांसफर कर दिया तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। इतना ही नहीं फोन उठाना भी बंद कर दिया। संदेह होने पर बीएचईएल जाकर पीड़ितों ने पता किया तो खुलासा हुआ कि इस तरह की कोई वेकेंसी ही नहीं है। साथ ही मनोज नाम का कोई व्यक्ति यहां नौकरी नहीं करता। अपने साथ ठगी होने का पता चलने के बाद तीनों लोग थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**जौनपुर का रहने वाला है आरोपी**

पुलिस ने आरोपी को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूछताछ में उसने खुद को यूपी जौनपुर का होना बताया। भोपाल में वह लंबे समय से रहा था। पुलिस ने आरोपी के खाते की जांच की है जिसमें ट्रांजेक्शन मिला है। जांच अधिकारी राजकुमार गुप्ता का कहना है कि आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई थी, अभी तक उसके द्वारा धोखाधड़ी किए जाने का एक ही मामला सामने आया है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है इसकी जांच की जा रही है।

**फर्जी यूजर आईडी बनाकर रेलवे ई-टिकट का कारोबार करने वाला गिरफ्तार**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने फर्जी यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकट बनाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। दरअसल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, भोपाल के निर्देशन में भोपाल मंडल पर ऑपरेशन उपलब्ध के अंतर्गत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। यह कार्रवाई साइबर अपराधों की रोकथाम एवं रेलवे टिकट प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि साइबर सेल भोपाल से प्राप्त इनपुट के सत्यापन के उपरांत 17 जून 2025 को उपनिरीक्षक श्री प्रकाश रघुवंशी व उनकी टीम द्वारा भोपाल निवासी शाहबाज खान (उम्र 19 वर्ष) को नेहरू नगर, सिकंदरी सराय, भोपाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 22 विभिन्न व्यक्तिगत यूजर आईडी का उपयोग कर तैयार किए गए कुल 75 आरक्षित ई-टिकट (कुल कीमत 1,62,501 रुपए) जब्त किए गए। इसके साथ ही टिकट निर्माण में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई तथा संबंधित प्रकरण में अपराध के अंतर्गत रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत जांच प्रारंभ की गई है।

---

विधायक रामेश्वर ने किया सिक्स लेन फ्लाईओवर का निरीक्षण, दिए निर्देश

# बरसात से पहले मिट्टी से जुड़े सभी काम समाप्त किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को संत नगर में 305 करोड़ से बन रहे भोपाल के पहले सिक्स लेन एलिवेटेड फ्लाइओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। फ्लाइओवर के आसपास नालों के सुव्यवस्थित निर्माण सहित सीवेज लाइन की तेजी से शिफ्टिंग के निर्देश दिए। पीयर्स के काम में और तेजी लाने को कहा है। बरसात से पहले मिट्टी से जुड़े सभी काम समाप्त कर लिए जाए ऐसे निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने लालघाटी पर बने ग्रेड सेपरेटर का अवलोकन किया। इसे चौड़ा किए जाने पर पुनर्विचार करने के निर्देश एनएचएआई को दिए। सर्विस रोड को अधिकतम चौड़ा करने सहित बिजली के खंभों की शिफ्टिंग भी करने को कहा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत नगर के फाटक रोड पर बन रहे फ्लाइओवर के निर्माण का अवलोकन किया। रेलवे से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द अपने हिस्से का कार्य पूर्ण कर लें, जिससे पीडब्ल्यूडी अपना बचा हुआ कार्य कर सके। इस फ्लाइओवर का लगभग 90 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है। फ्लाइओवर के नीचे सर्विस रोड सहित अन्य ड्रेनेज आदि के निर्माण पूर्ण के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने गांव बैरागढ़ में सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। भौरी में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का अवलोकन किया,यहां और अधिक भूमि पर भी आवास बनाने के लिए भूमि चिन्हित करने को कहा है।

21 जून को शाम 5 बजे निकलेगी कलश यात्रा

## भगवान झूलेलाल कथा और सामूहिक 251 पूज्य बहिराणा साहिब के लिए कमेटियां गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



भगवान झूलेलाल कथा एवं सामूहिक 251 पूज्य बहिराणा साहिब के लिए कमेटियां गठित कर कमेटियों के प्रभारी बनाए गए हैं। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला में संपन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक निर्मल गंगनानी, सह संयोजक लख्खू अंदानी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को शाम 5 बजे झूलेलाल मंदिर एच वार्ड से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रभारी हीरो हिन्दू रहेंगे। कलश बनाने व महिलाओं की व्यवस्था के लिए किरण वाधवानी व भाजपा नेत्री भारती मूलचंदानी को प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक जयरामदास दावानी केटर्स रहेंगे। कार्यक्रम के संचालन का प्रभारी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी को बनाया गया है।

---

धरना-प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी, समस्या से निजात की मांग

# बिजली समस्याओं को लेकर रहवासियों ने किया बिजली कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



राजधानी के समीप गांधी नगर में बिजली समस्या को लेकर लोग परेशान है। एक और बिजली गुल होने से गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ती, तो दूसरी ओर भारी भरकम बिल आने से गरीब वर्ग की कमर टूट गई है। बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को एयरपोर्ट रोड़ स्थित पंचवटी कॉलोनी के पास बिजली कार्यलय पहुंचकर लोगों ने जमकर हंगामा किया। क्षेत्रीय पार्षद लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

रहवासियों का कहना है कि बिजली की समस्या और नए मीटर लगने के बाद आ रहे भारी भरकम बिल को लेकर रहवासी परेशान हैं। रहवासियों द्वारा की गई शिकायतों पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर रहवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। क्षेत्रीय पार्षद लक्ष्मण सिंह राजपूत ने अधिकारियों से चर्चाकर बिजली समस्या का तत्काल निदान करने की मांग की। मालूम हो के गांधीनगर में आए दिन किसी भी समय घंटों बिजली बंद हो जाती है, शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## वन विभाग ने कार्रवाई कर वन क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज वन मंडल की रेंज चिकलोद में वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की। चिकलोद रेंज की बीट सोथर के कक्ष क्रमांक आरएफ 553 में अतिक्रमण हटाया गया। रमेश भील पिता नेहाल सिंह भील द्वारा 4 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया था, जिसे कंटूर खोदकर अतिक्रमण मुक्त किया गया।

मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे, डीएफओ हेमंत रैकवार, एसडीओ निकुंज पांडेय के निर्देश पर रेंजर अचल भारद्वाज के नेतृत्व में डिप्टी नरेश कुशवाहा, डिप्टी रेंजर कैलाश मालवीय एवं ओवैस अहमद खान सहित सीमा राजगोंड, नाकेदार अवध नारायण कीर एवं अन्य वन कर्मचारियों मौजूद थे। आरोपी के विरुद्ध वन अपराध का मामला दर्ज कर एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया।

---

औबेदुल्लागंज में लगातार 11 घंटे बिजली कटौती, रहवासी होते रहे परेशान

# रात्रि में फॉल्ट ढूंढने निकले जेई के साथ दर्जनभर लाइनमैन, फॉल्ट ठीक किया, तब आई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर में बिजली कटौती थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को दोपहर 2 से रात्रि 1:30 बजे तक बिजली गुल रही। इस बीच भीषण गर्मी से महिलाएं, पुरुष और बच्चे परेशान होते रहे।

बिजली दफ्तर के प्रबंधक अनुराग सोनकर से पूछा कि बिजली कटौती क्यों हो रही है, वह भी रात्रि तक? निगरानी में लगे प्रबंधक सोनकर ने जेई गौरव छाबड़ा को बिजली व्यवस्था ठीक करने को कहा, तब जेई गौरव छाबड़ा आधे दर्जन लाइनमैनों के साथ बिजली का फाल्ट ढूंढने निकले और ढूंढ कर फाल्ट ठीक किया। वार्ड 13 के पार्षद मनोज चौरसिया, पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित, देवेंद्र डैनी, नीरज चावला, अर्जुन अरोरा, राजेश दीक्षित, मोंटी ठाकुर, मनजीत सिंह, निर्मल यादव आदि रात्रि 1:30 बजे तक बिजली कर्मचारियों के साथ घूमते रहे। औबेदुल्लागंज के व्यापार संघ हिंदू उत्सव समिति एवं महिला मंडल ने मांग की है कि बिजली व्यवस्था ठीक करें और खम्भों पर तारों का जाल खत्म करें। वार्ड 13 में भी बिजली की स्थिति बहुत खराब है यहां वोल्टेज नहीं रहता, खंभे से तार टूटते रहते हैं।

### किसानों के साथ नागर पहुंचे बिजली दफ्तर

किसानों के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंचर कर वरिष्ठ अधिकारी से बिजली समस्या को लेकर चर्चा की। इस दौरान नागर ने शिकायत कर बताया कि किसानों के खेतों में बिजली के पोल लगाने के बदले किसानों से बिजली कर्मचारियों द्वारा पैसों की मांग की जा रही है एवं क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है।



---

नेशनल हाईवे सहित विभिन्न स्थानों पर लिया एक्शन

# सड़कों पर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर पालिका ने की चालानी कार्रवाई, डस्टबिन रखने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप






औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा नगर में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे। इन चालानों को एक सप्ताह के भीतर दुकानदारों को नगर पालिका में भरना पड़ेगा। स्वच्छता निरीक्षक अशीष कानूनगो ने बताया उनकी टीम ने दुकानदारों की आरे से खाने-पीने की चीजें सड़क पर फेंककर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हाइवे सहित विभिन्न स्थानों पर चालानी कार्रवई की।

नगर में मनाही के बावजूद डस्टबिन नहीं रखने व गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को डस्टबिन नहीं रखने और गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जिन दुकानदारों ने सूचना के बाद डस्टबिन रखना शुरू कर दिया है, उनकी सराहना की।

नगर पालका के मयुर गेडांम ने बताया कि पूर्व में शहर के सभी दुकानदारों को अपनी दुकान से निकलने वाले कचरे के लिए डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कई दुकानदार डस्टबिन रखने की जगह दुकान से निकलने वाले कचरे को नाले में या नालियों में फेंक रहे थे। इसको लेकर व्यापक अभियान चलाया गया और डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला गया। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी कि डस्टबिन नहीं रखते हैं तो भारी जुर्माना वसूला जाएगा। यह अभियान शहर में निरंतर चलता रहेगा।

**कचरा फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

नगर पलिका द्वारा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की गई है। दुकानदारों को सूचित किया गया हैं कि खाद्यपदार्थ विक्रेता, दुकान, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों को अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने के लिए कहा है। दुकानों, रेस्टोरेंट, ढाबों का समय-समय पर निरीक्षण करने और जो कचरा फैलाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूल जाएगा।

**प्रशांत जैन,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मंडीदीप।

---

# प्रसव के बाद महिला की मौत सीएमचओ से जवाब तलब

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने दो मामलों में लिया संज्ञान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल के कोकता बायपास स्थित नए आरटीओ ऑफिस में लिफ्ट बंद होने का है। लिफ्ट के बंद होने के कारण वहां आने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं को सीढ़ियों के सहारे दूसरे तल पर जाना-आना पड़ता है, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले में आयोग ने आरटीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

भोपाल जिले के बैरागढ़ क्षेत्र में एक अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। आयोग के संज्ञान में आया है कि दूसरे बच्चे को जन्म देने के ठीक एक दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु हो गई। मामले में आयोग ने सीएमएचआ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट भी तलब की है।

पोर्टल दोबारा खोलने की मांग, ताकि स्कूल मान्यता के लिए आवेदन कर सकें

# 8000 निजी स्कूलों की मान्यता रद्द होने की कगार पर, राज्य शिक्षा केंद्र के बाहर जमकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राज्य शिक्षा केंद्र के बाहर मंगलवार को निजी स्कूल स्कूलों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आरटीई के तहत पढ़ने वाले छात्र और उनके अभिभावक भी शामिल हुए। हाथों में तख्तियां, नारों और भावनात्मक अपीलों के साथ प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पोर्टल को दोबारा खोला जाए, ताकि स्कूल मान्यता के लिए आवेदन कर सकें।



## हजारों शिक्षक भी हो सकते हैं बेरोजगार

स्कूल संचालकों का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग की त्रुटिपूर्ण नीतियों के चलते प्रदेश के लगभग 8000 निजी स्कूलों की मान्यता रद्द होने की कगार पर है, जिससे न सिर्फ हजारों छात्रों की पढ़ाई खतरे में पड़ जाएगी, बल्कि हजारों शिक्षक भी बेरोजगार हो सकते हैं। स्कूल संचालकों ने कहा कि यह सिर्फ स्कूलों की मान्यता का सवाल नहीं है, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य और शिक्षकों की रोजी-रोटी का भी मुद्दा है। ऐसे में सरकार और शिक्षा विभाग से यह अपेक्षा की जा रही है कि वो जल्द से जल्द इस मामले पर विचार करें और मान्यता बहाली की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएं। प्रदर्शन में शामिल अभिभावकों का कहना है कि हमारे बच्चों की पढ़ाई अच्छे निजी स्कूलों में हो रही थी। अब अगर मान्यता खत्म होती है, तो उन्हें फिर से सरकारी स्कूल में शिफ्ट करना पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होगा। निजी स्कूल संचालकों ने मांग की है कि सभी निजी विद्यालयों को समान अवसर व न्याय मिले। आरटीई की सीटें पुनः बहाल की जाएं। लम्बित आरटीई भुगतान तत्काल किया जाए। स्कूलों को मनमाने तरीके से बंद करने की कार्यवाही रोकी जाए।



सीएमएचओ ने केकड़िया में शिविर का किया निरीक्षण

# पात्र हितग्राहियों के शीघ्र बनाएं आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा धरती आबा अभियान अंतर्गत भानपुर केकड़िया में आयोजित शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। डॉ. शर्मा ने निरीक्षण के दौरान ग्राम के सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए।

डॉ. मनीष शर्मा द्वारा ग्राम डोबरा में संचालित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का निरीक्षण किया गया, जिसमें टीकाकरण सत्र के तहत दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान ड्यूलिस्ट के आधार पर टीकाकृत बच्चों की जानकारी लेकर टीकाकरण सत्यापन किया गया। डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए की कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। साथ ही प्रत्येक चिन्हित हाईरिस्क गर्भवती महिला की न्यूनतम दो जांच महिला चिकित्सकों से कराई जाए। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दिए जा रहे पोषण आहार एवं अन्य सेवाओं का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातीबड़ के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा एवं सफाई व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इस केंद्र के माध्यम से रातीबड़ एवं आसपास की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इस संस्था का उन्नयन कर 30 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने एमएलसी प्रकरणों की रिपोर्ट ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा निरस्त श्रद्धालु हुए निराश

**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा रद्द होने से श्रद्धालु निराश हैं। इस वर्ष, 3 जुलाई से 9 अगस्त तक, पूरे यात्रा सीजन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं होगी। दरअससल यह निर्णय सुरक्षा कारणों और कुछ क्षेत्रों में नो-फ्लाई जोन घोषित किए जाने के कारण लिया गया है। इस वजह से अब श्रद्धालुओं को घोड़े, पालकी या पैदल ही यात्रा करनी होगी। हेलीकॉप्टर सेवा रद्द होने से श्रद्धालु निराश हैं। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि सुरक्षा एवं तकनीकी कारणों से अमरनाथ यात्रा में यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस सेवा बंद होने से बुजुर्ग एवं जो भक्त पैदल यात्रा नहीं कर सकते है। उनको खासी परेशानी होगी।

### लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में योग शिविर का किया आयोजन

**भोपाल।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्थान के सानिध्य में लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन स्थित मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय मेंटल हेल्थ वेलनेस सेमीनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संजय मस्के, मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें भोपाल परिक्षेत्र अंतर्गत भोपाल स्थित मंडलों एवं संभागों से समस्त अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उक्त सेमीनार का लाभ लिया।

### एनसीआईएसएम चारों बोर्ड्स के अध्यक्षों की जल्द हो नियुक्तियां: डॉ. पांडेय

**भोपाल।** नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) में चारों बोर्ड्स अध्यक्षों के रिक्त पदों पर शीघ्र ही नियुक्तियां की जाएं। चारों बोर्ड्स पर अध्यक्षों की नियुक्ति होने से आयुष कॉलेजों की मान्यताओं पर निर्णय में होने के साथ आयुष नीट काउंसलिंग भी समय से प्रारंभ हो सकेगी। यह कहना है आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय का। डॉ. पांडेय ने भारत सरकार को पत्र लिखकर मांग की है कि शीघ्र ही चारों बोर्ड्स के अध्यक्षों की नियुक्तियां करने की जाए।

### मेपकास्ट में मिशन कर्मयोगी एवं आईगॉट पर वर्कशॉप



**भोपाल।** वर्तमान में शासन के समक्ष आर्थिक प्रगति, पर्यावरण संरक्षण एवं समानता से जुड़े सरोकारों आदि के कारण अनेक चुनौतियां हैं। इसके अलावा, आचार व्यवहार, सत्यनिष्ठा, जवाबदेही, लोगों की भागीदारी जैसे व्यवहारगत पहलू भी हैं। इस कारण हमें ऐसे लोकसेवकों की आवश्यकता है, जो न केवल अद्यतन ज्ञान से युक्त हों, वरन नागरिकों को संतुष्टि देने के लिए हर संभव प्रयास करने को तत्पर हों। यह विचार कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रवीण दिघर्रा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख मानव संसाधन प्रभाग ने व्यक्त किए।

मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, सुंदरकांड के साथ किया हनुमान चालीसा का पाठ

# आषाढ़ माह के पहले मंगलवार को हनुमानजी का अभिषेक कर किया श्रृंगार, भव्य आरती की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ माह के पहले मंगलवार को राम भक्त हनुमानजी का मंदिरों में विशेष आकर्षक श्रृंगार हुआ। सुबह शुरू हुए अभिषेक, श्रृंगार, आरती और पूजन के साथ भोग प्रसादी का सिलसिला रात तक चलता रहा। इसके चलते राजधानी के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु मंदिरों में हनुमानजी की विशेष पूजा-अर्चना की।

राजधानी के न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, गुफा मंदिर, शीतला माता शापिंग सेंटर टीला जमालपुरा, मरघटिया हनुमान, पुल पातरा हनुमान मंदिर व 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर सहित राजधानी के लगभग सभी मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ किया गया। तो कई जगहों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा व महाआरती की गई। सुबह हनुमानजी का अभिषेक कर उन्हें प्रसादी अर्पित की गई। गुफा मंदिर में आषाढ़ के मंगलवार को श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। इसी तरह शीतला माता शापिंग सेंटर टीला जमालपुरा में श्री हनुमान भगवान की विशेष पूजा-पाठ की गई। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि भक्तों ने हनुमान चालीसा पाठ व संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया।





## हिंदू वाहिनी संघ के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प






**भोपाल।** हिंदू वाहिनी संघ का स्थापना दिवस कार्यक्रम मंगलवार को दानिश कुंज रोहित नगर कोलार रोड पर संपन्न हुआ। मप्र हिंदू वाणी संयुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू राखी व संस्थापक विपिन ने वाहिनी के कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाए जाने का संकल्प दिलाया। प्रदेशमहामंत्री सुरेंद्र कुमार मालवीय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नेपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष केशव तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सचिन चौहान व जिला उपाध्यक्ष गो रक्षा प्रकोष्ठ हिंदू जुगल किशोर सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेशों से आए पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

माशिमं की 10वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा शुरू

# पहले दिन हिंदी के पेपर में बने 3 नकल प्रकरण

- प्रदेशभर में बनाए गए हैं 1306 परीक्षा केंद्र, 3.30 लाख विद्यार्थी हो रहे हैं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) दसवीं-बारहवीं की द्वितीय परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। प्रदेशभर के करीब 1306 परीक्षा केंदों पर यह परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर के दोनों कक्षाओं के करीब 3.30 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को दोनों कक्षाओं के हिंदी का पेपर हुआ। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे रहा। इस दौरान तीन नकल प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें मुरैना में एक, इंदौर में एक और जबलपुर में एक प्रकरण शामिल है।

वहीं भोपाल में दोनों कक्षाओं के लिए 50 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 18 हजार विद्यार्थी शामिल हो रही हैं। इसमें दसवीं के 10 हजार विद्यार्थी हैं। बोर्ड परीक्षा की तरह इस परीक्षा में भी सख्ती लागू रही। विद्यार्थी एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, जहां 8:45 बजे तक केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इस परीक्षा में अनुतीर्ण विद्यार्थी और श्रेणी सुधार के लिए बैठने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 26 जून तक चलेगी, जबकि हायर सेकंडरी की परीक्षा 5 जुलाई तक जारी रहेगी।

## अपराध से जुड़ी खबरें

सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल

# खुलेआम तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना पुलिस ने धारदार तलवार लहराने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात सोशल मीडिया पर आरोपी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें इतवारा इलाके में दहशत फैलाने के उ्ददेश्य से एक आरोपी तलवार लहरा रहा था। पुलिस अफसरों के संज्ञान में जब वह वीडियो आया तो आरोपी की पहचान कर उसकी धरपकड़ के लिए टीम गठित की। पुलिस टीम को सूचना मिलने पर आरोपी की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान शोएब कुरैशी पिता सलीम कुरैशी (उम्र 35 वर्ष) निवासी पंचायती मस्जिद के पास, थाना तलैया, भोपाल के रूप में हुई है। आरोपी से तलवार को जब्त कर लिया गया है।

**खास बातें**

- इतवारा इलाके में दहशत फैलाने के उ्ददेश्य से एक आरोपी तलवार लहरा रहा था
- बदमाशों के विरुद्ध भोपाल शहर के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज



### जुलूस के दौरान बोला, पुलिस हमारी बाप है...

पुलिस ने मंगलवार को बुधवारा इलाके में आरोपी का जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और यह भी कहता रहा कि 'पुलिस हमारी बाप है, अपराध करना पाप है'। तलैया थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पूर्व में हनुमानगंज थाने में आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

### इधर, टीला जमालपुरा पुलिस ने हथियार के साथ बदमाशों को किया गिरफ्तार

टीला जमालपुरा पुलिस ने प्रभात चौराहे पर चैकिंग के दौरान शाहजहांनाबाद के एक बदमाश सहित 2 को लोगो को पकड़ा है। पुलिस टीम द्वारा हरि मजार के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को चैकिंग के दौराने रोका जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकडा। पूछताछ में उनकी पहचान जुनेद उर्फ बच्चा पिता नवेद उर्फ अच्छे मिया उम्र 25 साल निवासी अंजुम आरा बिल्डिंग सेफिया कॉलेज रोड थाना शाहजहांनाबाद और सोनू उर्फ भूरा पिता स्व. पप्पू उर्फ राकेश सहेले उम्र 29 साल निवासी कवीटपुरा थाना टीलाजमालपुरा के तौर पर हुई। बदमाशों की तलाशी ली गई तो बदमाश जुनेद के पास एक धारदार हथियार मिला। बदमाशों से पूछताछ की गई, जिन्होंने बताया कि हरी मजार के पास जुए खेलने जा रहे थे, जाने से पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया है। दोनों बदमाशों के विरुद्ध भोपाल शहर के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज है।

हेल्पर की मौत, ड्राइवर घायल

# ट्रक ने दो वाहनों को टक्कर मारी, फिर दीवार से टकराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। इसके बाद वह दीवार से जा टकराया। हादसे में ट्रक में सवार हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ड्राइवर क्षतिग्रस्त केबिन में फसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने क्रेन और हाइड्रा की मदद से उसे बाहर निकाला।

पुलिस के मुताबिक बैरसिया रोड पर सोमवार-मंगलवार रात साढ़े 12 बजे लांबाखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मिनी आयसर को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क के नीचे उतर गया। इसके बाद सामने से आ रहे एक मिनी ट्रक से जा भिड़ा। मिनी ट्रक सड़क से उतर कर पलट गया। इसके बाद ट्रक एक अस्पताल की दीवार से जा टकराया।

इस हादसे में यूपी के रहने वाले ट्रक के हेल्पर धर्मेन्द्र नायक पिता राजकुमार की मौत हो गई। वहीं ड्राइवर यासीन खान गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

# इंजीनियरिंग के छात्र ने अपने कमरे में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी इलाके में टीआईटी कॉलेज के छात्र ने सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ ह। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मुदित पटेरिया पिता कांता प्रसाद उम्र 23 वर्ष मूल रूप से पन्ना का रहने वाला था। भोपाल में वह पटेल नगर में अपने दो दोस्तों के साथ किराए के मकान में रहता था। यहां टीआईटी इंजीनियर कॉलेज में अध्ययनरत था।

मंगलवार दोपहर उसके दोस्त खाना खाने के लिए होटल चले गए। लौटकर आए तो देखा वह फंदे पर झूल रहा था। दोस्त उसे फंदे से उतारकर तत्काल निजी अस्पताल ले गए। इसके बाद वहां से हमीदिया अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के लिए शव को रखवा दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# दो बाइक सवार शराब तस्कर को दबोचा, 50 हजार की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि सोमवार देर रात शिव मंदिर के आगे अवधपुरी खजुरी कलां पर नाकाबंदी कर दो पहिया वाहन चालक को रोककर तलाशी ली गई। जिसके पास से 22 हजार 500 रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। उसने अपनी पहचान पीयूष नगर अवधपुरी निवासी छवि दास के रूप में बताई है।



मंगलवार को टीबी अस्पताल रोड, ईदगाह हिल्स नाकाबंदी कर दो पहिया वाहन चालक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 28 हजार 875 रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। उसने अपनी पहचान बलाईपुरा निवासी माशूक अली के रूप में बताई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त कर लिए हैं। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## ठगी के आरोपी की जमानत मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फोन पर एसी-टीवी और फ्रिज बुक कराकर डिलीवरी लेने के बाद बिना कीमत अदा किए भाग जाने वाले आरोपी कैफ खान की जमानत याचिका को अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष शुक्ल ने मंजूर कर 20 हजार रुपए की जमानत पर रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं। आरोपी के वकील रमीज राजा ने जमानत याचिका पेश कर आरोपी को झूठा फंसाया जाना बताते हुए जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया था। कोहेफिजा थाना में 27 मई को फरियादी सीमा ठाकरे एवं संजय की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को 12 जून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 फ्रिज,1 कूलर ,1 एलईडी टीवी एवं एक 1-5 टन का एसी बरामद किया था।

## एटीएम के ड्राप बॉक्स से चेक चोरी सीसीटीवी में नजर आए संदिग्ध

**भोपाल।** कोतवाली इलाके के आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में लगे ड्राप बॉक्स से चेक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस को सीसीटीवी में दो संदिग्ध नजर आए हैं। पुलिस के मुताबिक मारवाड़ी रोड पर आईसीआईसीआई बैंक की शाखा है। कारोबारियों की सुविधा के लिए इसके एटीएम में ड्राप बॉक्स लगाया गया है। बैंक के उप प्रबंधन संजय विश्वकर्मा की जानकारी में चेक चोरी का मामला आया तो उन्होंने सीसीटीवी चेक करवाए, जिसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दीहै।

लता मंगेशकर पर आधारित पेंटिंग्स के कारण लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज

# स्वर कोकिला लता मंगेशकर पर आधारित रामकृपाल की एकल चित्र प्रदर्शनी का भारत भवन में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में रूपाभ प्रदर्शनी श्रंखला के अंतर्गत रूपंकर भारत भवन में लता मंगेश्वर पर आधारित एकल चित्रकला प्रदर्शनी 'चित्रलतिका' का आयोजन मंगलवार से किया गया। छः दिवसीय इस चित्र प्रदर्शनी में जबलपुर मध्यप्रदेश के चित्रकार रामकृपाल नामदेव द्वारा लता पर बनाए गए करीब 45 चित्रों को प्रदर्शित किया गया। 'चित्रलतिका' में प्रदर्शित चित्रों में 40 पेंटिंग लता पर आधारित हैं तो वहीं पांच चित्रों में भगवान गणेश, श्रीराम और राम भक्त हनुमान के चित्रों को उन्होंने प्रदर्शित किया।

### 4359 चेहरों वाली पेंटिंग में एक सेंटीमीटर में बनाए चेहरे



रामकृपाल की एक अन्य पेंटिंग में उन्होंने 4359 चेहरों को बनाया है और करीब 1 सेंटीमीटर में बने हुए इस पेंटिंग में सभी चेहरे लता मंगेश्वर के हैं।

### उनके साइन किए चित्र को मिला अवार्ड

इस पेंटिंग की खासियत है कि इसमें 299 चेहरे लता मंगेशकर के हैं, तो वहीं अन्य चेहरे विश्व प्रसिद्ध महिलाओं के बनाए हैं। राकृपाल ने कहा कि इस पेंटिंग को जून 2014 में लता को मैंने भेंट किया और इस पर उनके हस्ताक्षर भी हैं।

### अमिताभ, नेहरू, इंदिरा और मोदी के साथ फोटो

एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली एक अन्य पेंटिंग में आर्टिस्ट ने 1436 चेहरों को बनाया है, जिसमें लता मंगेशकर के साथ-साथ बैकग्राउंड में लता मंगेशकर की यादों से जुड़े अलग-अलग चित्रों को प्रदर्शित किया। इन चित्रों में लता के फोटो अमिताभ बच्चन, नेहरू, इंदिरा गांधी और मोदी के साथ हैं।



प्रयागराज महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालीसा और सिंगर उत्कर्ष सिंह से हरिभूमि की खास बातचीत



# हाथ में त्रिशूल की लकीर, बचपन से महाकाल की भक्त, ये भक्ति का असर कि दुनिया मुझे जान रही है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरे हाथ में त्रिशूल की लकीर है और मैं बचपन से ही महाकाल की भक्त रही हूं। महाकाल की भक्ति की है और फूलों की मालाएं बेचती रही हूं और मुझे लगता है कि ये मेरी भक्ति का असर ही है कि आज देश के लोग मुझे जान रहे हैं और मैं सोशल मीडिया पर इतनी वायरल हो रही हूं। उन्होंने कहा कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती हूं क्योंकि मैं आज जिन बड़े लोगों के बीच उठ बैठ रही हूं, वहां मैं अपनी भाषा और कम शिक्षा की वजह से पूरी तरह सहज नहीं हो पाती। लेकिन मेरी कोशिश है कि यदि मुझे मौका मिलेगा तो मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा के लिए काम करुंगी और बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित भी करुंगी। यह कहना है प्रयागराज महाकुंभ 2025 से सुर्खियों में आईं मोनालिसा का। जो मंगलवार को अपने चर्चित म्यूजिक वीडियो सादगी के प्रोमोशन के लिए सिंगर उत्कर्ष सिंह के साथ भोपाल आई और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।



### जब एक महीने तक संपर्क नहीं हुआ

*सिंगर उत्कर्ष ने कहा कि जब मोनालिसा महाकुंभ के दौरान वायरल हुई थीं। उसके बाद महेश्वर में मेरे एक जानने वाले थे, मैंने उनको कहा था कि मैं मोनालिसा को अपने गाने में कास्ट करना चाहता हूं। लेकिन उस वक्त मोनालिसा के घर पर कोई नहीं था। यह सभी लोग प्रयागराज कुंभ में थे। फिर बीच में मुझे खबर मिली थी कि उन्होंने एक फिल्म साइन कर ली है। जिसके बाद 1 महीने तक मैंने कोई संपर्क नहीं किया। लेकिन एक दिन अचानक मेरे पास कॉल आया, फिर मैं मोनालिसा के पिताजी से मिला, मैंने अपने गाने की लाइंस मोनालिसा और उनके परिवार वालों को सुनाई, ऐसी हमारे काम की बात आगे बढ़ी।*

### मोनालिसा को कास्ट करने का विचार ऐसे आया

सिंगर उत्कर्ष ने कहा कि इस गाने को मैं 7-8 महीने पहले ही लिख चुका था, उसके बाद मोनालिसा महाकुंभ के दौरान सुर्खियों में आई थीं। जो मैंने गाने की लाइन्स लिखी थीं, वो मोनालिसा पर बिल्कुल फिट बैठ रही थीं। इसलिए मैंने इनको अपने गाने में कास्ट किया। मैं काफी समय से देख रहा हूं कि हर कोई मोनालिसा को काफी पसंद कर रहा है इसलिए मुझे लगा कि लोगों की पसंद मोनालीसा को ही चुनना चाहिए।

### परिवार वालों को लगा फेक वीडियो

*जब मैंने खुद को स्क्रीन पर देखा तो मुझे एक पल यकीन ही नहीं हुआ कि ये मैं हूं। मेरे घर वाले भी मुझे स्क्रीन पर देखकर काफी खुश हुए, वो मुझे स्क्रीन पर देखकर पहचान ही नहीं रहे थे। उनको विश्वास ही नहीं हो रहा था कि स्क्रीन पर मैं ही हूं, उनको लगा कि यह फेक वीडियो है। लेकिन जब उन्होंने गाने को दो-तीन बार देखा था तब उनको विश्वास हुआ कि यह उनकी बेटी मोनालिसा ही है।*

### साउथ की फिल्मों में जल्द आऊंगी नजर

*मोनालिसा ने कहा कि मेरे पास अभी साउथ फिल्मों के कई प्रोजेक्ट हैं जल्द ही साउथ की फिल्मों में नजर आऊंगी। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड की बात की जाए तो मैं आगे चलकर करण जौहर के साथ काम करना चाहती हूं, इसके अलावा टाइगर श्रॉफ और सोनाक्षी सिन्हा मेरे फेवरेट हैं तो इनके साथ भी काम करने की तमन्ना है।*

*अलवर, राजस्थान की पारंपरिक कला को मिला नया मंच*

# मानव संग्रहालय में कागजी पॉटरी प्रदर्शनी का शुभारंभ



**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के कुम्हार पारा मुक्ताकाश प्रदर्शनी परिसर में राजस्थान के अलवर जिले की विशिष्ट पारंपरिक कला कागजी पॉटरी पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी में विलुप्त होती पारंपरिक शिल्प को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में कलाकार गंगा सहाय, प्रेमचंद एवं टीटू द्वारा निर्मित आकर्षक और सूक्ष्म कागजी पॉटरी कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जो न केवल उनकी सृजनात्मकता को दर्शाती हैं, बल्कि इस पारंपरिक कला के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी हैं। लगभग एक माह तक चलने वाली इस वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

- प्रदर्शनी में विलुप्त होती पारंपरिक शिल्प को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया



निर्देशक, डिजाइनर, रंगकर्मी सलीम आरिफ ने हरिभूमि से साझा किए अनुभव

# मुझे सबसे ज्यादा चुनौतियां पसंद और किस्मत वाला हूं कि मुझे चुनौतीपूर्ण असाइनमेंट ही मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने अपने करियर में हमेशा नए क्षेत्रों को तलाशने की कोशिश की है। मुझे सबसे ज्यादा चुनौतियां पसंद है और मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे ऐसे असाइनमेंट मिले या ऐसी चुनौतियां मिली जिन्हें मैंने पूरा किया और लोगों ने मेरे काम को पसंद किया। मुझे नए निर्देशकों, नई सामग्री और नए विचारों के साथ काम करना अच्छा लगता है। जब मैंने दूसरे निर्देशकों के लिए डिजाइन किया है, तब भी मैंने हमेशा उस निर्देशक के विजन को ध्यान में रखा है। खासकर पीरियड फिल्मों के लिए मेरे डिजाइंस काफी यादगार रहे हैं। फिर वो अनिल शर्मा की गदर हो या अन्य कोई फिल्म।



यह कहना है निर्देशक, डिजाइनर, रंगकर्मी, जैसी अनेकों भूमिकाएं निभाने वाले सलीम आरिफ का, जिनके द्वारा मंचित नाटक 'चेरी का बगीचा' का मंचन रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है। हरिभूमि से बातचीत में सलीम ने अपने काम से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### निर्देशकों की शैली और उनकी सोच के साथ बिठाया तालमेल

*उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1986 के अपना उत्सव में राजीव सेठी हों, जहां मैंने पूरन किला, जमाली कमाली मकबरा आदि जैसे 22 स्मारकों के लिए सेट और लाइट्स डिजाइन की हों, या केएन पन्निकर और रतन थियम शो के लिए लाइट्स डिजाइन की हों। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज, गुलजार साहब की मिर्जा गालिब, डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी की चाणक्य और नीरजा गुलेरी की चंद्रकांता, केतन मेहता की सरदार पटेल, गुलजार साहब की माचिस जैसी फिल्मों और टीवी प्रोजेक्ट्स में मैंने उन निर्देशकों की शैली और उनकी सोच के साथ तालमेल बिठाया है।*

### गालिब के जीवन के किस्सों को चुनकर लिखी किताब

*उन्होंने कहा कि मुझे मिर्जा गालिब के कुछ खत मिले जिसमें उनके जीवन के महत्तपवूर्ण किस्से और उनके शेर और शायरी शामिल थी, मुझे लगा कि उन्हें एक किताब का रुप देना चाहिए तभी मैंने गुलजार साब की मदद और जगजीत सिंह द्वारा गालिब की गजलों को एक रुप देकर पुस्तक तेरा बयां गालिब की रचना की, जिसे पूरा करने में मुझे करीब एक साल लगा।*

### हर क्षेत्र में युवाओं में देखता हूं एक जोश, एक जज्बा

*बैक स्टेज में लाइटिंग के काम के साथ रंगकर्म में प्रवेश करने वाले सलीम आरिफ ने कहा कि आज मैं रंगकर्म सहित कॉस्टयूम डिजाइनिंग के क्षेत्र में युवा पीढ़ी में एक जोश और जज्बा देखता हूं और उसे आगे लाने का प्रयास करना चाहता हूं, मुझे लगता है कि आज ऐसी फिल्मों के निर्माण की जरूरत है जो युवा पीढ़ी को अंतर्राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की पहचान कराए।*

### कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में स्टूडेंट्स को देता हूं लेक्चर

*उन्होंने कहा कि मैं हर एक प्रोफेशन में अपने आप को पूरी तरह झौंक देता हूं और वही काम करना पसंद करता हूं जो चैलेंजिंग है। अभी मुझे ऐसा लगता है कि युवाओं को कुछ सिखाने की जरुरत है इसीलिए मैं एमपीएसडी, एनआईएफडी, एफटीआईआई, एनएसडी जैसे इंस्टीट्यूट में गेस्ट फेकल्टी के रुप में जाता हूं और स्टूडेंट को क्रिएटिव सिखाता हूं।*

व्यंग्य, करुणा और त्रासदी का मिश्रण 'चेरी का बगीचा'

# रवीन्द्र भवन में नाटक 'चेरी का बगीचा' का पुनः मंचन



*भोपाल। मप्र नाट्य विद्यालय द्वारा मंगलवार को एंतोन चेखव द्वारा रचित 'चेरी का बगीचा' (1904) का पुनः मंचन किया। इस नाटक को पहले सोमवार को भी मंचित किया गया था। यह नाटक रूसी साहित्य के महानतम नाटकों में से एक है। जिसमें जमींदारी व्यवस्था के पतन और रूस में हो रहे सामाजिक परिवर्तन का मार्मिक चित्रण किया गया है।*

### बदलते समय की गहरी व्याख्या

सलीम आरिफ निर्देशित 'चेरी का बगीचा' केवल एक संपत्ति की कहानी नहीं है बल्कि यह बदलते समय, टूटते संबंधों और वर्ग संघर्ष की एक गहरी व्याख्या भी है। चेखव ने इसे 'कॉमेडी' कहा परंतु इसमें व्यंग्य, करुणा और त्रासदी का मिश्रण मौजूद है।



मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत ने 2024 में 80 लाख से अधिक पर्यटकों को किया आकर्षित

# विरासत पर्यटन : इतिहास की जीवंत गाथा

*भोपाल। मध्य प्रदेश ने 2024 में पर्यटन के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश और दुनिया के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाई है। धार्मिक आस्था से लेकर ऐतिहासिक विरासत, वन्यजीव रोमांच से लेकर प्राकृतिक सौंदर्य, ग्रामीण आत्मीयता से लेकर शहरी आधुनिकता और सिनेमाई आकर्षण तक "अतुलनीय मध्य प्रदेश" ने हर पर्यटक को एक नया अनुभव दिया है। 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में पर्यटन न केवल तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि सतत विकास और समावेशिता के नए प्रतिमान भी स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, नीतिगत नवाचार और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से मध्य प्रदेश आगामी वर्षों में भी पर्यटन का नया अध्याय रचेगा।थायी सूची में खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं और सांची स्तूप शामिल हैं। सम्राट अशोक के शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर, बुंदेला शासकों के महल और किले, ग्वालियर किला, बुराहनपुर का खूनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित राम नगर के गोंड स्मारक, धमनार का ऐतिहासिक समूह, मांडू के स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट–लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी टेंटेटिव लिस्ट में हैं।*



### शहरी पर्यटन : आधुनिकता और संस्कृति का मेल

भोपाल, इंदौर और जबलपुर जैसे शहर अपनी आधुनिकता, स्वच्छता और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए जाने जाते हैं। 2024 में इंदौर में 1.02 करोड़, भोपाल में 22 लाख और जबलपुर में 23 लाख पर्यटक पहुंचे। इंदौर ने सातवीं बार स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया है, जो इसे एक स्वच्छ और स्मार्ट पर्यटन गंतव्य बनाता है। धार्मिक आस्था से लेकर ऐतिहासिक विरासत, वन्यजीव रोमांच से लेकर प्राकृतिक सौंदर्य, ग्रामीण आत्मीयता से लेकर शहरी आधुनिकता और सिनेमाई आकर्षण तक "अतुलनीय मध्य प्रदेश" ने हर पर्यटक को एक नया अनुभव दिया है। 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में पर्यटन न केवल तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि सतत विकास और समावेशिता के नए प्रतिमान भी स्थापित कर रहा है।

## पर्यटन का विस्तार

### पर्यटकों की संख्या में वृद्धि

मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत ने 2024 में 80 लाख से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया, जो 2023 के 64 लाख की तुलना में 25% की वृद्धि दर्शाता है। ग्वालियर में पर्यटकों की संख्या में 3 गुना वृद्धि देखी गई, जहां 9 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो 2023 के 3.69 लाख से उल्लेखनीय वृद्धि है। खजुराहो (4.89 लाख), भोजपुर (35.91 लाख) और महेश्वर (13.53 लाख) में भी पर्यटकों ने इन समृद्ध विरासतों का आनंद लिया। यूनेस्को ने हाल ही में भोजपुर को अपनी टेंटेटिव सूची में शामिल किया है और ग्वालियर को क्रिएटिव सिटी ऑफ म्यूजिक के रूप में मान्यता दी है। मध्य प्रदेश में अब 3 स्थायी और 15 टेंटेटिव सूची में कुल 18 यूनेस्को धरोहरें हैं।

### ग्रामीण पर्यटन : संस्कृति और आतिथ्य का जीवंत अनुभव

*मप्र में ग्रामीण पर्यटन ने स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने में अहम भूमिका निभाई है। इसे बढ़ावा देने के लिए 63 पर्यटन ग्राम विकसित किए गए हैं। प्रदेश में 470 से अधिक होमस्टे का निर्माण किया गया है, जिनसे अब तक 24 हजार से अधिक अतिथि स्थानीय संस्कृति और खानपान का अनुभव ले चुके हैं। पचमढ़ी, कान्हा और अमरकंटक जैसे क्षेत्रों के आसपास के गांवों में होम स्टे सुविधाएं पर्यटकों के लिए अनूठा अनुभव बन गई है।*

### प्राकृतिक पर्यटन अविस्मरणीय अनुभव

मध्य प्रदेश का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों के लिए एक अनमोल खजाना है। पचमढ़ी, अमरकंटक, भेड़ाघाट, हनुवंतिया, गांधीसागर, तामिया, सैलानी आइलैंड और सरसी आइलैंड जैसे स्थल प्राकृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। 2024 में पचमढ़ी में 2.87 लाख पर्यटक आए। भेड़ाघाट में 2.34 लाख पर्यटक पहुंचे।

### वन्यजीव पर्यटन प्रकृति और रोमांच

ग्रीन, क्लीन और सेफ मप्र को टाइगर स्टेट, लघड़ियाल स्टेट, चीता स्टेट और वल्चर स्टेट के रूप में जाना जाता है, जिसमें देश का सबसे अधिक वन क्षेत्र है। राज्य में 12 राष्ट्रीय उद्यान, 25 वन्यजीव अभयारण्य और 9 टाइगर रिजर्व हैं। कान्हा (2.48 लाख), पेंच (1.92 लाख), बांधवगढ़ (1.94 लाख), पन्ना (3.85 लाख) और मढ़ई (4.34 लाख) जैसे प्रमुख वन्यजीव स्थलों पर पर्यटकों का आगमन हुआ।






# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

## टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज

**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर




नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड



एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी।

ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, ''वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।''



### शोएब की भी गेंदों में रफ्तार थी

ब्रॉड जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, '' जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।''

### बुमराह का रनअप बेहद संतुलित

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, ''बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।''

### सभी मैच खेले तो ढेर सारे विकेट लेंगे

बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे।

### बुमराह सभी मैच खेलें इंग्लैंड नहीं चाहेगा

ब्रॉड ने कहा, ''निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।''बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है।

### टीम में बुमराह से बड़ा कोई स्टार

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। वह किसी अन्य गेंदबाज की तुलना में बल्लेबाज के करीब एक फुट या उससे भी थोड़ा ज़्यादा नजदीक से गेंद फेंकते हैं, इसलिए गेंद उनकी वास्तविक गति से भी ज़्यादा तेज लगती है।''

## खबर संक्षेप



### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : रबाडा

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।''

### सबालेंका ने टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी



**बर्लिन।** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, ''यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।''उन्होंने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया।

### इंटर काशी ने खेल पंचाट में अपील जीती

**नई दिल्ली।** इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था। इंटर काशी ने नामधारी एफसी पर 13 जनवरी को हुए मैच में 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने का आरोप लगाया था।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार से हेडिंग्ले में

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार, भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

एजेंसी ▸▸| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

### शाह ने भी दिया समर्थन

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।''

### इंग्लैंड-भारत टेस्ट शुक्रवार से

इसमें कहा गया है, ''इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'



### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेले थे

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।



### छोटे देश मेजबानी में दिलचस्पी नहीं लेते

रिपोर्ट के अनुसार, ''कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।''

**प्रतिदिन न्यूनतम 98 ओवर करने होंगे**

इसमें कहा गया है, ''समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।''

### अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने बदलाव की जरूरत महसूस कराई

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।'' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## आईसीसी

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर



एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।

- 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

### बल्लेबाज शानदार फार्म में है

भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन

एजेंसी ▸▸| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।



न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।''

### अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा आज

डिवाइन का यह बयान न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 17 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा से पहले आया है। अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। डिवाइन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगी, लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया जाएगा। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

## टी20 के इतिहास में पहली बार परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला

# नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▸▸| ग्लासगो

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला।

माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।




नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया।

### नीदरलैंड को जीत के लिए चाहिए था एक रन

नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन।** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ''मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।'' पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया।

## भारतीय टीम दिग्गजों के बिना नए युग की शुरुआत कर रही

# गिल को सम्मान पाने इंग्लैंड में रन बनाने होंगे : कार्तिक

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

भारतीय टीम रोहित शर्मा , विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी।



### गिल कप्तानी की भूमिका क्षेत्ररक्षण करते निभाए

कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा , '' मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ''

### गिल ने देश के लिए 32 टेस्ट खेले

पूर्व खिलाड़ी ने कहा , '' गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका , इंग्लैंड , न्यूजीलैंड , ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। ''गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

### गिल की किस्मत अच्छी, इंग्लैंड की गेंदबाजी मजबूत नहीं

एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। ''इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा , गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं।

### कोच के तौर पर गंभीर की रणनीति बेहतरीन

इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी , लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है।

# भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी।

पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही।




## कानों-कान



### तहसील से लेकर पंचायतों में भी हलचल

लंबे समय बाद चुनिंदा पटवारी और पंचायत सचिवों के तबादले क्या हुए, तहसील से लेकर पंचायतों तक में हलचल मची हुई है। अपने चहेते पटवारियों का तबादला रुकवाने जहां सरकार से जुड़े नेता जोर-आजमाइश कर रहे हैं, वहीं पंचायतों के सचिवों के लिए जिला पंचायत के सचिव खुलकर सामने आ गए हैं। एक सदस्य ने तो यहां तक कह दिया कि अपने दो पंचायत सचिवों का तबादला नहीं होने दूंगा। उनका कहना तो यहां तक है कि इसके लिए उन्होंने मैडम से तक बात कर ली है। हालांकि इस बात में कितना दम है, यह तो वही बता पाएंगे, लेकिन यह नेताजी इन दिनों सरकार के खिलाफ बनी अपनी छवि को सुधारने के लिए बड़े नेताओं की दहलीज पर देखे जा रहे हैं।

### तालमेल बैठाने में नाकाम हो रहे अफसर

तहसील दफ्तरों में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के बीच तालमेल नहीं होने से आम लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं। जहां नायब तहसीलदार किसी काम को करने की कोशिश करते हैं, वहीं तहसीलदार उन्हें रोक देते हैं, जब एसडीएम कोई काम कराना चाहते हैं, तो तहसीलदार काम नहीं करते। ऐसा अमूमन सभी तहसीलों में देखने मिल रहा है। ऐसे हालात में तहसील के जिम्मेदार अफसर को समझ नहीं आ रहा कि क्या किया जाए। जिसको लेकर वह लगातार सभी को तालमेल बनाकर काम करने की सीख दे रहे हैं। एक अधिकारी ने तो इन हालातों के बारे में कलेक्टोरेट के सबसे बड़े साहब को भी बता दिया है।

### बारिश से पहले आएगी तबादलों की बाढ़

पंचायत सचिव और पटवारियों के तबादलों की लिस्ट जारी होने के साथ राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, डिप्टी कलेक्टर, ज्वॉइंट कलेक्टर और अपर कलेक्टर स्तर के अफसरों की लिस्ट भी जारी होना है। जिसको लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर सेटिंग में लगे हुए हैं। ज्यादातर अफसरों को डर सता रहा है कि कहीं ऐसा न कि अनचाही जगह पर तबादला कर दिया जाए। जिसको लेकर यह अफसर अपने आकाओं के चक्कर काट रहे हैं। कुछ अधिकारी तो बड़े साहब के पास तक अपनी पहुंच लगा चुके हैं, जिससे उन्हें मनचाही जगह पर पोस्टिंग मिल सके। इधर, कलेक्टोरेट में लूप लाइन का काम देख रहे अफसरों को भी उम्मीद है कि इस दौर में उन्हें भी फील्ड में जाने का मौका मिल सकता है।

### बड़े साहब का पूरा काम छोटे साहब ने संभाला

भोपाल रेल मंडल में इन दिनों चर्चा का बाजार कुछ ज्यादा ही गर्म है। दरअसल मंडल के बड़े साहब के पूरे काम की जिम्मेदारी छोटे साहब ने संभाल रखी है। इसके चलते अधिकांश कर्मचारी अब छोटे साहब के इर्द-गिर्द ही घूमते रहते है। छोटे साहब भी टेंडर से लेकर कर्मचारियों की छुट्टी व अन्य काम का निपटारा करने में जुटे हैं। कर्मचारियों के बीच यह चर्चा है कि बड़े साहब का ट्रांसफर का समय नजदीक है, इसलिए वह कामों में ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं।

### वन विहार में अधिकारियों की जमकर लगी क्लास

भोपाल वन विहार में पिछले कुछ दिनों से असामाजिक तत्वों के जबरन घुसने की घटनाओं को मंत्रालय स्तर पर गंभीरता लिया गया है। दरअसल कुछ जागरूक लोगों ने मामले की शिकायत मंत्रालय स्तर पर की थी। जिसमें कहा गया था कि रात के समय में यहां पर पिछले एक साल से असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहा है। इसके चलते वन विहार के अधिकारियों की मंत्रालय स्तर से लेकर वन विभाग के आला-अधिकारियों ने जमकर क्लास ली।

-वहीद खान/कपिलदेव श्रीवास्तव

# आग से झुलसने पर 4 साल के बच्चे की मौत

## गांधी नगर की घटना, मामला संदिग्ध, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर इलाके में एक 4 साल के बच्चे की आग से झुलसने के कारण मौत हो गई। मामला विगत 10 जून का है। बच्चे का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था, इस दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का दावा है कि माचिस से खेलते वक्त बच्चा हादसे का शिकार हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अब्दुल हसन गांधी नगर की एक होटल में काम करते हैं। वह परिवार सहित वहीं रह रहे है। विगत 10 जुलाई को उनका 4 साल का बच्चा अहमद हसन आग से झुलस गया। इसके बाद परिजन उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची तब मामले का खुलासा हुआ। पिता ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था।

इस दौरान बच्चा माचिस से खेल रहा था और पास ही स्टोव रखा था। इस दौरान वह झुलस गया। हालांकि मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, यह इसलिए क्योंकि परिजन बच्चे का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं हो रहे थे। इसको लेकर पुलिस की बहस भी हुई। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

### पार्किंग को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट 8 लोग घायल

कोलार इलाके में दो गुट पार्किंग विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि एक दूसरे को लाठी-डंडों से पीटा। घटनाक्रम में दोनों पक्षों के 8 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने काउंटर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक वरसेना राजवैद्य कॉलोनी में रहते हैं। मंगलवार दोपहर उनका कार पार्किंग को लेकर पड़ोस में रहने वाले वरूण, मोनू और रानू से विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक दूसरे को लाठी-डंडों से पीटा।

आरोपियों को ईडी के विशेष न्यायालय में किया पेश

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चेतन ने जुड़वां बच्चों के इलाज के लिए अंतरिम जमानत मांगी

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आरटीओ के करोड़पति पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर तथा शरद जायसवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के माध्यम से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायालय में पेश किया गया।

विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल ने तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 2 जुलाई तक आगे बढ़ा दी है। वहीं चेतन सिंह गौर ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायालय में अंतरिम जमानत आवेदन प्रस्तुत किया है। जमानत आवेदन के अनुसार उसकी पत्नी ने हैदराबाद में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। दोनों नवजात बच्चे गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। नवजात जुड़वां बच्चे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। बच्चों की देखरेख करने के लिए चेतन ने दो माह की अंतरिम जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की है। ईडी के विशेष न्यायाधीश ने चेतन सिंह गौर के अंतरिम जमानत आवेदन पर सुनवाई के लिए 19 जून की सुनवाई तारीख निर्धारित करते हुए ईडी के अधिवक्ता को आवेदन का जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

# *कर्मचारी नेताओं ने दिया एकजुटता का संदेश पदोन्नति पर जल्द तय की जाएगी रणनीति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह, संयोजक शिवकुमार शर्मा, सह संयोजक शिवेंद्र सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, जिला संयोजक संदीप जैन, श्याम सिंह भदौरिया, गगन श्रीवास्तव, एमएल यादव, रामवीर सिंह भदौरिया, बृजेश सिलाहारी समेत कई कर्मचारी नेता जुटे और कर्मचारियों के हितों को लेकर विचार-विमर्श किया। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रोमोशन पर संघ की आगामी रणनीति का जल्द खुलासा किया जाएगा।




# प्रांतीय कुशवाहा समाज के पक्ष में आया फैसला पहले पक्ष से खाली कराया कुशवाहा भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्थित कुशवाहा भवन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें प्रांतीय कुशवाहा समाज लंबे समय से भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहा था।

इसी के चलते 12 दिसंबर 2024 को प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश के तत्वावधान में बड़ी संख्या में प्रदेश भर से समाज के लोग एकत्रित हुए और भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए आंदोलन किया। इस विवाद के चलते टीटी नगर थाना द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया। एसडीएम द्वारा 13 दिसंबर 2024 को 165 इ धारा के तहत भवन को सील कर दिया था।

मामले को लेकर लगातार पिछले 6 महीने से टीटी नगर एसडीएम के पास मामले की सुनवाई चल रही थी। जिसमें पार्टी क्रमांक एक भगत सिंह कुशवाहा और पार्टी क्रमांक 2 सुनील कुशवाहा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश को बनाया गया था। जिसको लेकर टीटी नगर एसडीएम द्वारा सुनील कुशवाह कोषाध्यक्ष प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश के पक्ष में आदेश जारी कर भवन प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश के सुपुर्द किया।




**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरूल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सियाराली: भयरे मोटर्स,** 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379

FCB INTERFACE/0791/JUNE25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930